दैनिक

# बढ़ता राजस्थान

संस्करण : जयपुर, टोंक, अलवर, कोटा, उदयपुर एवं जोधपुर

RNI NO.RAJHIN/2013/52026

कदम बढ़ाएं, सच के साथ

वर्ष : 13 | अंक : 80 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : ₹ 2.00

टोंक | रविवार, 26 अक्टूबर 2025 | कार्तिक पंचमी तिथि संवत् - 2082

भारत व राज्य सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत


www.badhatarajasthan.in  badhatarajasthan@yahoo.com  badhatarajasthan.dainik  badtarajasthan

### पश्चिम बंगाल समेत 5 राज्यों में अगले साल होना हैं चुनाव

# देश में SIR अगले हफ्ते से शुरू हो सकता है, चुनावी राज्यों में सबसे पहले

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** चुनाव आयोग अगले हफ्ते से पूरे देश में वोटर लिस्ट का स्पेशल इंटेंसिव रिविजन (SIR) शुरू कर सकता है। इसकी शुरुआत 10-15 राज्यों से होगी। उन राज्यों में SIR पहले होगी, जहां अगले एक साल में विधानसभा चुनाव होना हैं। असम, तमिलनाडु, पुडुचेरी, केरल और पश्चिम बंगाल में 2026 में विधानसभा चुनाव होना हैं। चुनाव आयोग के अधिकारी ने बताया, "उन राज्यों में SIR अभी नहीं होगा, जहां स्थानीय निकायों के चुनाव होना हैं। इसका कारण है कि निचले स्तर पर कर्मचारी उन चुनाव में व्यस्त होंगे। वे SIR के लिए समय नहीं निकाल पाएंगे। चुनाव के बाद इन राज्यों में SIR होगा।" राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों की बैठक आयोग ने SIR लागू करने की रूपरेखा को अंतिम रूप देने के लिए राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों (सीईओ) के साथ हाल ही में दो बैठकें की हैं। कई सीईओ ने अपनी पिछली SIR के बाद जारी की गई वोटर लिस्ट संबंधित राज्यों की वेबसाइट्स पर डाल दी है। दिल्ली के मुख्य निर्वाचन अधिकारी की वेबसाइट पर 2008 की वोटर लिस्ट है। वहां 2008 में SIR हुई थी। उत्तराखंड में, अंतिम बार SIR 2006 में हुई थी



वहां तब की वोटर लिस्ट अब राज्य सीईओ की वेबसाइट पर है। बिहार में भी हाल में वोटर वैरिफिकेशन हुआ है। फाइनल डेटा एक अक्टूबर को जारी किया गया। अंतिम SIR कट-ऑफ डेट के रूप में काम करेगी राज्यों में अंतिम SIR कट-ऑफ डेट के रूप में काम करेगी, ठीक उसी तरह जैसे बिहार की 2003 की वोटर लिस्ट का उपयोग चुनाव आयोग ने SIR के लिए किया था। अधिकांश राज्यों में वोटर लिस्ट का अंतिम बार SIR 2002 और 2004 के बीच हुआ था। अधिकांश राज्यों ने अपने-अपने राज्यों या केंद्र शासित प्रदेशों में हुए अंतिम SIR के अनुसार वर्तमान वोटर्स का मिलान लगभग पूरा कर लिया है। SIR का प्राथमिक उद्देश्य विदेशी अवैध प्रवासियों के जन्म स्थान की जांच करके उन्हें बाहर निकालना है। यह कदम बांग्लादेश और म्यांमार सहित विभिन्न राज्यों में अवैध प्रवासियों पर कार्रवाई के मद्देनजर महत्वपूर्ण है।

### मतदाता सूची को अपडेट करना मकसद

आयोग का दावा है कि उनका पूरा ध्यान केरल, तमिलनाडु, प. बंगाल, असम और पुडुचेरी पर है, जहां मई 2026 तक चुनाव होने हैं। SIR का उद्देश्य मतदाता सूचियों में दोहरे मतदाताओं को हटाना और यह सुनिश्चित करना है कि मतदाता भारतीय नागरिक है।ऐसी समीक्षा 2 दशक बाद हो रही है, क्योंकि शहरीकरण और माइग्रेशन बढ़ने से इसकी जरूरत महसूस हुई। यहां हालात ऐसे आंध्र प्रदेश में 2003-2004 5.5 करोड़ मतदाता थे, अब 6.6 करोड़ हैं। उत्तर प्रदेश में 2003 में 11.5 करोड़ थे, अब 15.9 करोड़ हैं। दिल्ली में 2008 में 1.1 करोड़ थे, अब 1.5 करोड़ हैं। बैठक में तय हुआ कि बीएलओ हर मतदाता के घर जाकर प्री फील्ड फॉर्म पहुंचाएंगे। इस प्रक्रिया में 31 दिसंबर तक 18 वर्ष के हर मतदाता को शामिल माना जाएगा। देशभर में 99 करोड़ 10 लाख मतदाता हैं। इनमें से बिहार 8 करोड़ मतदाताओं की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। 2002 से 2004 के बीच SIR में 70 करोड़ मतदाता दर्ज हुए थे। ऐसे में माना जा रहा है कि 21 करोड़ मतदाताओं को ही जरूरी दस्तावेज देने होंगे। बिहार में SIR को लेकर विवाद हुआ बिहार में चुनाव के पहले SIR को लेकर विवाद हुआ था। विपक्षी दलों ने सरकार पर वोट चोरी का आरो लगाया था। इसे लेकर सुप्रीम कोर्ट में केस अभी भी चल रहा है। हालांकि सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग की प्रक्रिया को सही करार दिया। आयोग ने बिहार की अंतिम वोटर लिस्ट सुप्रीम कोर्ट में भी सौंपी है।

## पीयूष पांडे का मुंबई में हुआ अंतिम संस्कार

बढ़ता राजस्थान

**पटना (एजेंसी।)** एड गुरु पीयूष पांडे का शनिवार को मुंबई के शिवाजी पार्क श्मशान घाट में अंतिम संस्कार कर दिया गया। उन्हें आखिरी विदाई देने के लिए बॉलीवुड से अमिताभ और अभिषेक बच्चन समेत कई लोग पहुंचे। परिवार ने पोस्टर लगाकर उन्हें श्रद्धांजलि दी। जिस पर लिखा- वेल प्लेड कैप्टन। पीयूष का निधन 24 अक्टूबर को हुआ था। वे कुछ समय पहले एक कॉन्फ्रेंस के लिए दिल्ली गए थे, वहां उन्हें इन्फेक्शन हो गया। पहले उनको निमोनिया हुआ, फिर चिकनपॉक्स हो गया। इससे उनकी हालत बिगड़ती गई। पीयूष पांडे कहा करते थे कि जिंदगी और विज्ञापन दोनों का मकसद है जुड़ना, जीतना नहीं। वे कहते थे- कहानी वह होती है जो दिल से निकले, तभी वह कानों में नहीं, दिमाग में बसती है। पीयूष 27 साल की उम्र में विज्ञापन जगत से जुड़ गए थे। उन्होंने शुरुआत अपने भाई प्रसून पांडे के साथ की। दोनों ने रोजमर्रा के उत्पादों के लिए रेडियो जिंगल्स की आवाज दी थी।

## पीएम मोदी ने दी छठ पर्व की शुभकामनाएं

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को लोगों को छठ पर्व की शुभकामनाएं दी। छठ पूजा के मौके पर



सूर्य देवता की उपासना की जाती है और यह पूरे देश, विशेष तौर पर बिहार, झारखंड और पूर्वी उत्तर प्रदेश में मनाया जाता है। प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट किया, नहाय-खाय के पावन अनुष्ठान के साथ आज से चार दिवसीय महापर्व छठ का शुभारंभ हो रहा है। बिहार सहित देशभर के श्रद्धालुओं को मेरी हार्दिक शुभकामनाएं। सभी व्रतियों को मेरा नमन और वंदन।

## सबरीमला मामलाः बेल्लारी, बेंगलुरू में SIT की छापेमारी

बढ़ता राजस्थान

**पथनमथिट्टा (केरल) (एजेंसी)।** सबरीमला मंदिर से सोना गायब होने के मामले की जांच कर रही एसआईटी ने मुख्य आरोपी उन्नीकृष्णन पोट्टी के बेंगलुरु स्थित अपार्टमेंट और बेल्लारी में एक आभूषण की दुकान पर छापेमारी की। पोट्टी को जांच के तहत शुक्रवार को बेंगलुरु ले जाया गया। अधिकारियों ने बताया कि एसआईटी ने आभूषण की दुकान से सोने की कई छड़ें जब्त की हैं।

## बंगाल की खाड़ी में चक्रवात का खतरा, अलर्ट जारी



बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कैबिनेट सचिव टीवी सोमनाथन ने शनिवार को बंगाल की खाड़ी में बन रहे चक्रवात से निपटने की तैयारियों की समीक्षा की। वहीं, मछुआरों को सलाह दी गई है कि वे 26 से 29 अक्टूबर तक तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश, पुडुचेरी और ओडिशा तट के साथ-साथ दक्षिण-पश्चिम और निकटवर्ती मध्य बंगाल की खाड़ी में न जाएं और 900 से अधिक जहाजों को किनारे पर ले जाया गया है

### बिहार में चुनाव सभाओं में गरजे गृह मंत्री अमित शाह, दो टूक कहा-

# घुसपैठियों के मतदाता सूची से हटेंगे नाम... वापस भेजेंगे

बढ़ता राजस्थान

**खगड़िया/नालंदा। (एजेंसी)** केंद्रीय गृह मंत्री और भाजपा नेता अमित शाह ने शनिवार को दावा किया कि बिहार में फिर राजग की सरकार बनेगी। उन्होंने कहा कि यह चुनाव किसी को विधायक, मंत्री या मुख्यमंत्री बनाने का चुनाव नहीं है। यह चुनाव तय करेगा कि बिहार में लालू-राबड़ी का 'जंगलराज' लौटेगा या फिर राजग के आने पर विकसित बिहार पूरे देश में अपनी पहचान बनाएगा। उन्होंने कहा कि हर एक घुसपैठिए का पता लगाया जाएगा, मतदाता सूची से उनका नाम हटेगा और ऐसे लोगों को उनके देशों में वापस भेजा जाएगा। शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नालंदा विश्वविद्यालय की वह गौरवगाथा पुनर्स्थापित की है, जिसे आज "100 बख्तियार खिलजी" भी मिटा नहीं सकते। बिहारशरीफ में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए शाह ने यह भी दावा किया कि





### राजग सरकार की उपलब्धियां गिनाई

शाह ने कहा कि हाल में राज्य की राजग सरकार ने 'जीविका' से जुड़ी एक करोड़ बहनों के खातों में 10 हजार रुपए दिए हैं। विधवा और वृद्धावस्था पेंशन 400 रुपए से बढ़ाकर 1,100 रुपए कर दी गई है।

वर्तमान राजग सरकार की बदौलत ही चुनाव दो चरणों में हो पा रहे हैं, और अगर जनता इसे एक और मौका दे तो अगली बार बिहार में चुनाव एक ही चरण में संपन्न होंगे। शाह ने विपक्षी नेताओं जैसे लालू प्रसाद यादव, राहुल गांधी, ममता बनर्जी व मायावती को आड़े हाथ लेते हुए कहा कि वे जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाए जाने के फैसले के खिलाफ थे। उन्होंने कहा कि मोदी-सरकार ने बिहार को नक्सलवाद से मुक्त कराया है। इससे पहले खगड़िया जिले में एक चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए शाह ने कहा कि बिहार विधानसभा चुनाव यह तय करेगा कि राज्य में 'जंगलराज' वापस आएगा या यह विकास के रास्ते पर आगे बढ़ता रहेगा।

## जयपुर में 13वीं मंजिल से कूदी महिला, मौत



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** जयपुर में एक महिला ने 13वीं मंजिल से कूदकर आत्महत्या कर ली। महिला अपने चचेरे देवर के बेटे के कुआं पूजन कार्यक्रम में शामिल होने मुंबई से आई थी। पुलिस ने क्षत-विक्षत शव को कब्जे में लेकर मॉर्च्युरी में रखवाया है और मामले की जांच में जुटी है। यह घटना दोपहर करीब 1:52 से 2 बजे के बीच हुई। मुहाना थाने के एसएचओ गुरु भूपेंद्र ने बताया- सीमा शर्मा (53) मुंबई में रहती थी। उनके पति अनिल शर्मा वहां व्यापार करते हैं। दंपती का एक बेटा भी है। सीमा के चचेरे देवर अमित शर्मा के घर 12 साल बाद बेटा हुआ था, जिसका कुआं पूजन कार्यक्रम रखा गया था। कार्यक्रम मंगलम आनंदा के पास स्थित लोटस बिल्डिंग के कम्युनिटी हॉल में आयोजित किया जा रहा था। शनिवार दोपहर कार्यक्रम के बीच में सीमा अचानक अपने मोबाइल पर बात करते हुए हॉल से बाहर निकल गई। वह मंगलम आनंदा टाउनशिप की 13वीं मंजिल पर पहुंचीं और वहां से छलांग लगा दी। ऊंचाई से गिरने के कारण उनका शव बुरी तरह क्षत-विक्षत हो गया। उनके मोबाइल के भी टुकड़े हो गए। सीसीटीवी फुटेज में सीमा को अकेले ही बिल्डिंग में जाते हुए देखा गया।

### मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की प्रतिबद्धता हो रही साकार

## जयपुर डिस्कॉम की पहल, स्टार रेटिंग के जरिए उपभोक्ता दे सकेंगे फीडबैक





बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की मंशा के अनुसार प्रदेश में आमजन को गुणवत्तापूर्ण एवं सुलभ विद्युत सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। इसी दिशा में मुख्यमंत्री के निर्देश पर डिस्कॉम्स ने निरंतर विद्युत सेवाओं में सुधार करते हुए इन्हें उपभोक्ता अनुकूल एवं जवाबदेह बनाने के नवाचार किए हैं। प्रदेश के तीनों डिस्कॉम्स ने दीपावली से पूर्व विशेष अभियान चलाकर प्रदेशभर में 37 हजार 251 घरेलू विद्युत कनेक्शन जारी किए हैं। वहीं, जयपुर डिस्कॉम ने घरेलू उपभोक्ताओं के लिए 'स्टार रेटिंग' का फीडबैक सिस्टम संबंधी नवाचार भी प्रारंभ किया है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की प्रतिबद्धता तथा ऊर्जा राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) हीरालाल नागर के मार्गदर्शन में तीनों डिस्कॉम्स द्वारा 1 अक्टूबर से 20 अक्टूबर तक विशेष अभियान चलाया गया। जिसके तहत लंबित प्रकरणों के साथ-साथ नए प्रकरणों में दस्तावेज की जांच, साइट वेरीफिकेशन, डिमांड नोट जारी करने सहित अन्य आवश्यक प्रक्रियाओं को शीघ्र पूरा कर कनेक्शन प्रदान किए गए। साथ ही, मुख्यालय द्वारा सभी भंडार शाखाओं को आवश्यक लाइन मैटेरियल की उपलब्धता भी सुनिश्चित की गई। इसके परिणामस्वरूप कुल 37 हजार 251 घरेलू विद्युत कनेक्शन जारी किए गए। इनमें जयपुर डिस्कॉम ने 17 हजार 373, अजमेर डिस्कॉम ने 15 हजार 433 तथा जोधपुर डिस्कॉम ने 4 हजार 445 घरेलू कनेक्शन जारी किए हैं।

## दिल्ली में AQI लेवल 400 पार, अस्थमा-एलर्जी के मरीज बढ़े

**नई दिल्ली।** दीवाली के बाद से दिल्ली-NCR की हवा में प्रदूषण लगातार बढ़ रहा है। शनिवार को पूर्वी दिल्ली के आनंद विहार में AQI लेवल 412 दर्ज किया गया। जिससे प्रदूषण गंभीर कैटेगरी में पहुंच गया है। कई इलाकों में हवा की क्वालिटी खराब है। इसलिए जनपथ रोड पर पार्टिकुलेट मैटर के हाईलेवल से निपटने के लिए सड़कों पर पानी का छिड़काव किया जा रहा है। दिवाली के बाद केवल दो दिनों के भीतर सांस लेने में कठिनाई, अस्थमा के दौरे और एलर्जिक ब्रोंकाइटिस के रोगियों में लगभग 30% की बढ़ोतरी देखी गई है। डॉक्टरों ने मास्क लगाने की सलाह दी है। उधर बंगाल की खाड़ी में कम दबाव का क्षेत्र बनता नजर आ रहा है। 27 अक्टूबर को इसके चक्रवात में तब्दील होने की संभावना है। तूफान का नाम मोन्था रखा जा सकता है, जो थाईलैंड ने दिया है। जिसका अर्थ है सुगंधित फूल या सुंदर फूल। IMD का कहना है बंगाल की खाड़ी में बना दबाव क्षेत्र तूफान में बदल जाएगा, जिसमें 110 kmph की रफ्तार से हवाएं चलेंगी। इससे आंध्र प्रदेश, रायलसीमा, तमिलनाडु, ओडिशा और तेलंगाना में भारी बारिश हो सकती है।




## सम्पादकीय

# पाकिस्तान को चेतावनी, आतंकी तंत्र को वित्तीय मदद देने पर एफएटीएफ सख्त

यह अच्छा हुआ कि काले धन को वैध करने और आतंकी तंत्र को वित्तीय मदद देने के तौर-तरीकों पर निगाह रखने एवं उन पर रोक लगाने वाले अंतरराष्ट्रीय संगठन फाइनेंशियल एक्शन टास्क फोर्स यानी एफएटीएफ ने पाकिस्तान को चेताया कि उसके, उसकी ग्रे लिस्ट से बाहर होने का यह अर्थ नहीं कि उसे वह सब करने की छूट मिल गई है, जिसके चलते उसे इस लिस्ट में शामिल किया गया था।आतंकी संगठनों को वित्तीय मदद मिलने के आरोप में ग्रे लिस्ट में शामिल पाकिस्तान 2022 में इस लिस्ट से बाहर हो सका था। इसके कुछ समय बाद ही उसने अपनी पुरानी हरकतें फिर शुरू कर दीं। वह न केवल पहले की तरह आतंकी संगठनों को पालने-पोसने लगा, बल्कि उनके वित्तीय स्रोतों को बहाल करने के लिए भी सक्रिय हो गया। पिछले कुछ समय में ऐसी कई खबरें आई हैं, जो यह बताती हैं कि पाकिस्तान में किस्म-किस्म के आतंकी संगठनों ने फिर सिर उठा लिया है। कोई खुलेआम जलसे कर अपने लिए चंदा जुटा रहा है तो कोई आतंकियों की भर्ती कर रहा है। आतंकी गुट जैश-ए-मोहम्मद ने महिलाओं को आतंक की ऑनलाइन ट्रेनिंग देने का धंधा शुरू किया है। इसके जरिये करोड़ों रुपये जुटाने की तैयारी है। एक अन्य आतंकी गिरोह लश्कर-ए-तैयबा भी आतंकियों को नए सिरे से ट्रेनिंग देने में जुट गया है। ये दोनों वे आतंकी गिरोह हैं, जो भारत के लिए खास तौर से खतरा हैं। पाकिस्तान में सक्रिय आतंकी संगठनों की ओर से क्रिप्टोकरेंसी के जरिये भी धन जुटाने की खबरें हैं और इस तथ्य से तो एफएटीएफ भी परिचित होगा कि पहलगाम हमले के लिए जिम्मेदार आतंकी गिरोह टीआरएफ का पाकिस्तान ने किस तरह संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में बचाव किया था। टीआरएफ लश्कर-ए-तैयबा का ही मुखौटा समूह है। भारत को इससे संतुष्ट नहीं होना चाहिए कि एफएटीएफ ने पाकिस्तान को चेताते हुए कहा कि उसका तंत्र उन देशों की भी निगरानी कर रहा है, जो उसकी ग्रे लिस्ट से बाहर हो चुके हैं। एफएटीएफ के एशिया पैसिफिक ग्रुप को यह देखना है कि पाकिस्तान आतंक के वित्त पोषण को रोकने का काम करता रहे। चूंकि इस ग्रुप में पाकिस्तान का हितैषी चीन भी है, इसलिए भारत को अपनी कूटनीतिक सतर्कता और सक्रियता बढ़ानी होगी। उसे इस ग्रुप के सदस्यों के साथ वित्तीय मदद देने वाली अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं को भी पाकिस्तान के आतंक को पोषण देने के तरीकों से परिचित कराना होगा। पाकिस्तान आईएमएफ और एशियाई विकास बैंक जैसी संस्थाओं से वित्तीय सहायता पाने में इसीलिए सक्षम हुआ, क्योंकि वह एफएटीएफ की ग्रे लिस्ट से बाहर आ गया। भारत को अब अमेरिका के रवैये से भी सावधान रहना होगा, क्योंकि फिलहाल राष्ट्रपति ट्रंप आतंक के आका पाकिस्तान के शुभचिंतक बने हुए हैं।



## आज का इतिहास — बढ़ता राजस्थान

### 26 अक्टूबर की महत्त्वपूर्ण घटनाएं

- 1774 - फिलाडेल्फिया में अमेरिका की पहली महाद्वीपीय कांग्रेस स्थगित।
- 1858 - एच.ई. स्मिथ ने वॉशिंग मशीन का पेटेंट कराया।
- 1905 - नॉर्वे ने स्वीडन से स्वतंत्रता प्राप्त की।
- 1934 - महात्मा गांधी के संरक्षण में अखिल भारतीय ग्रामीण उद्योग संघ की स्थापना।
- 1943 - कलकत्ता (तत्कालीन कोलकाता) में हैजे की महामारी से अक्टूबर के तीसरे सप्ताह में 2155 लोगों की मौत।
- 1947 - राजा हरि सिंह जम्मू-कश्मीर को भारत में विलय करने पर सहमत हुए।
- इराक में ब्रिटिश सेना का क़ब्ज़ा हटा।
- 1950 - संत मदर टेरेसा ने कलकत्ता में चैरिटी मिशन की स्थापना की।
- 1951 - विंस्टन चर्चिल ब्रिटेन के प्रधानमंत्री बने।
- 1969 - चांद पर कदम रखने वाले पहले अंतरिक्ष यात्री नील आर्मस्ट्रांग और एडविन एल्ड्रिन मुंबई आये।
- 1975 - मिस्र के राष्ट्रपति अनवर सादात अमेरिका की आधिकारिक यात्रा करने वाले देश के पहले राष्ट्रपति बने।
- 1976 - त्रिनिदाद एंड टोबैगो गणराज्य को ब्रिटेन से आजादी मिली।
- 1980 - इजरायल के राष्ट्रपति यित्झाक नावोन मिस्र की यात्रा करने वाले पहले इजरायली राष्ट्रपति बने।
- 1994 - इस्रायल और जार्डन के बीच अरावा क्रासिंग पर बहुप्रतीक्षित शांति संधि सम्पन्न।
- 1999 - उच्चतम न्यायालय ने आजीवन कारावास की अवधि 14 वर्ष तय की।
- 2001 - जापान ने भारत और पाकिस्तान के ख़िलाफ़ लगे प्रतिबंधों को हटाने की घोषणा की।
- 2005 - वर्ष 2006 को भारत-चीन मैत्री वर्ष के रूप में मनाने का फैसला।

## विशेष आलेख

# अटूट आस्था और विश्वास का महापर्व छठ



अन्नु राठौड़ 'रुद्रांजली'
कांकरोली ,राजसमंद

छठ महापर्व या षष्ठी पूजा कार्तिक शुक्ल पक्ष के षष्ठी को मनाया जाने वाला एक हिन्दू महापर्व है। सूर्योपासना का यह अनुपम लोकपर्व मुख्य रूप से पूर्वांचल राज्यों में बिहार, झारखण्ड, पश्चिम बंगाल, पूर्वी उत्तर प्रदेश और नेपाल के तराई क्षेत्रों में मनाया जाता है।

**कैसे शुरुआत हुई छठ महापर्व की ? :** छठ एक प्रसिद्ध पर्व है, जो हिंदू कैलेंडर माह कार्तिक के 6 वें दिन शुरू होता है। यह त्योहार सूर्य देव और उनकी पत्नी उषा की पूजा को समर्पित है। यह त्योहार पृथ्वी पर जीवन का समर्थन करने और दिव्य सूर्य भगवान और उनकी पत्नी का आशीर्वाद लेने के लिए भगवान को धन्यवाद देने के लिए मनाया जाता है। जैसा की हम सभी को विदित है ,की शिवपुत्र कार्तिकेय का जन्म 6 शक्ति पुंज रुप में हुआ था, और 6 कृतिकाओं के द्वारा लालन - पालन होने के कारण इनका नाम कार्तिकेय पड़ गया। कार्तिकेय ने ही बडे होकर राक्षस ताडक़ासुर का संहार किया।तभी से आभार व्यक्त करने के स्वरुप में भगवान शिव और माता पर्वती ने 6 कृतिकाओं अर्थात छठ मैया (जो की सतित्व , स्वच्छता , पवित्रता की प्रतीक है) की पुजा अर्चना करके छठ महापर्व की शुरुआत हुई। इसलिए महिलाएं अपने सन्तान की दिर्घायू की कामना के लिये ये कठीन संकल्पित 36 घंटे का निर्जल उपवास रखती हैं । यह भी माना जाता है कि भगवान राम छठ पूजा की शुरुआत से जुड़े हैं । ऐसा कहा जाता है कि जब भगवान राम अयोध्या लौटे तो उन्होंने भरतेश्वरी माता सीता ने प्रभु श्रीराम को ब्राह्मण हत्या पाप से मुक्त करवाने के लिए निर्जल उपवास रखा और डूबते सूर्य को अर्घ्य देने के बाद ही इसे तोड़ा। प्राचीन मान्यता के अनुसार, छठ पूजा का त्योहार सबसे पहले भगवान सूर्य और कुंती के पुत्र कर्ण द्वारा किया गया था। कर्ण अंग देश का शासक था, जिसे अब भागलपुर, बिहार के नाम से जाना जाता है। यह भी एक कारण था कि यह त्योहार मुख्य रूप से बिहार और उत्तर प्रदेश में मनाया जाता है। मार्कण्डेय पुराण में इस बात का उल्लेख मिलता है, कि सृष्टि की अधिष्ठात्री प्रकृति देवी ने अपने आप को छह भागों में विभाजित किया है। इनके छठे अंश को सर्वश्रेष्ठ मातृ देवी के रूप में जाना जाता है, जो ब्रह्मा की मानस पुत्री हैं। छठ व्रत के संदर्भ में एक अन्य कथा के अनुसार द्रौपदी ने भी छठ व्रत रखा।

**कैसे मनाया जाता हैं छठ महापर्व**

4 दिन तक चलने वाले इस त्योहार में महिलाएं अपनी संतान और सुहाग के उज्ज्वल भविष्य और सुखी जीवन की कामना के लिए निर्जला व्रत रखती हैं। इस व्रत की शुरुआत नहाय खाय (खरना) से होती है,

मुख्यतः यह व्रत विवाहित महिलाएं, पुरुषो द्वारा अपने सन्तान और परिवार की सुरक्षा और मंगलकामना के लिए किया जाता हैं ।

**दुसरा दिन - छोटकी या छोटी छठ**

महिलाएं इसी दिन से निर्जला उपवास करती हैं, शाम स्नान ध्यान करके घर की महिलाएं भगवान सूर्य को अर्घ्य देने के बाद रोटी ,खीर (गुड और चावल से बना ) प्रसाद ग्रहण करती हैं ।

**तीसरा दिन - बडकी (बडी छठ)**

प्रातः स्नान ध्यान करके घर की महिलाएं ,युवतियां मंगलगीतों के साथ इस महापर्व के लिए प्रसाद बनाती हैं ।जिसमे मुख्यतः खजुर ,ठेकुआ हैं। संध्या के समय सभी व्रतधारी सपरिवार नदी ,तालाब, जलाशय के किनारे पहुंचते हैं ,और सभी निर्जल उपवास की हुई महिलाएं डूबते हुए सूर्य को अर्घ्य देती हैं , तथा पवित्र तन मन से सभी की खुशहाली की कामना करती हैं। सारी रात मंगल गीत तथा भजन गाए जाते हैं । कई महिलाएं डूबते हुए सूर्य को अर्घ्य देकर नदी या जलाशयों मे खड़ी रह कर अगली सुबह सूर्य को अर्घ्य देकर पानी से बाहर आती हैं ।

**चौथा दिन -पारण**

लगातार लगभग 36 घण्टे भूखे -प्यासे रहकर पूरी श्रद्धा के साथ अगली सुबह भौर में ही सभी स्नान -ध्यान करके मंगल गीत गाकर महिलाएं सूर्योदय का इंतेज़ार करती हैं, तथा उगते हुए सूर्य को अर्घ्य देकर एक -दुसरे को सिन्दूर लगा कर अखंड सौभाग्यवति होने का आशिश देती हैं, और एक -दुसरे को प्रसाद वितरीत किया जाता हैं। इस अलौकिक आस्था के पर्व का समापन सूर्य को अर्घ्य देने और पारण (प्रसाद ग्रहण) के बाद होता है।

**विशेष -**

जैसा की हर त्योहार अपने आप में कुछ ना कुछ विशेषता लिए होता हैं, वैसे ही अटूट आस्था और विश्वास का महापर्व छठ, अपने आप मे अनेक महती सीखों को समेटे हुए हैं । यह एक मात्र हिन्दू पर्व हैं जो शक्तिऊर्जा के स्त्रोत सूर्य देव के हर रूप की आराधना कर के एक सकारात्मक सन्देश देता हैं, की यदि श्रद्धा और विश्वास अटूट हैं,तो हर कष्ट और परेशानी को सहकर भी अन्धकार के बाद सूरज जीवन मे रोशनी लेकर आता हैं ।

**प्रकृति प्रेम -**

यह पर्व आम जन को प्रकृति से जूडे रहने की सीख देता हैं, इसे डाला(टोकरी) छठ भी कहते हैं ।

व्रत में प्रयुक्त हर सामग्री , सभी फल ,फूल, ,कन्द ,गन्ना आदि सभी मौसमी फल ,फूल के प्रयोग के साथ साथ बांस से बना डाला(टोकरी), मिट्टी के दिये , हस्तशिल्प को तो बढावा देते हैं और साथ ही साथ पंचतत्वों (अग्नि, आकाश, धरती, वायु और पानी ) के निर्मल तन मन से पूजन की सीख देता हैं ।

**भाईचारा और सद्भाव -**

दिपावली की ही तरह यह पर्व हिन्दु धर्म के हर जाति, वर्ग के लोगों द्वारा एक साथ , एक ही स्थान पर, बिना किसी भेदभाव और छुआछुत, छोटे -बडे, ऊंच -नीच आदि कुरुतियों को भुलाकर एक साथ बडे हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता हैं । कई स्थानों पर केवल हिन्दु ही नही वरन अन्य धर्म के लोग भी इस पर्व को विधि विधान से मनाते हैं ।

**आत्मविश्वास और संयम -**

लगातार 4 दिनों तक मनाया जाने वाला यह पर्व अपने आप मे एक अलौकिक, अविश्वनीय, आत्मविश्वास का संचार करता है। तन - मन की पवित्रता के साथ बिना कुछ खाये पीये सभी वर्तियों का संयम, आत्मविश्वास और अटूट श्रद्धा देखते ही बनती हैं । और एकमात्र पर्व जो किसी शुभ मुहूर्त का इंतज़ार नहीं करता । सभी देशवाशियों को आस्था के इस अलौकिक और पावन महापर्व छठ की हार्दिक शुभकामनाएँ ।

# कजऱ् के सैलाब,आतंकवाद की मानसिकता में डूबता पाकिस्तान



संजीव ठाकुर

*आटा सौ रुपए किलो से ऊपर, बिजली की दरों में 30प्रतिशत से अधिक वृद्धि, और बेरोजग़ारी रिकॉर्ड स्तर पर। एक समय का कृषि-प्रधान राष्ट्र अब कजऱ् और कट्टरता के बोझ से कराह रहा है।*

पाकिस्तान आज ऐसे मोड़ पर खड़ा है जहाँ विदेशी उधारी उसकी अर्थव्यवस्था के गले की फांस बन चुकी है, और आतंकवाद उसकी राजनीतिक कमजोरी। मई 2025 में इंटरनेशनल मॉनेटरी फंड से हुए नए समझौते के तहत पाकिस्तान को महज़ 1 अरब डॉलर की रिहाई मिली यह राहत नहीं, बल्कि सरकारी आँकड़ों के अनुसार, देश का कुल सार्वजनिक और गारंटीशुदा कजऱ् अब जीडीपी के 70 प्रतिशत से अधिक हो चुका है।वास्तविकता यह है कि पाकिस्तान की आम जनता महंगाई, बेरोजग़ारी और ऊर्जा-संकट की त्रासदी से त्रस्त है। आटा सौ रुपए किलो से ऊपर, बिजली की दरों में 30प्रतिशत से अधिक वृद्धि, और बेरोजग़ारी रिकॉर्ड स्तर पर। एक समय का कृषि-प्रधान राष्ट्र अब कजऱ् और कट्टरता के बोझ से कराह रहा है।अफगानिस्तान में तालिबान शासन के पुनः सशक्त होने के बाद, पाकिस्तान की सुरक्षा स्थिति और भी डांवाडोल हो गई है। तालिबान के गुट, तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान जैसे संगठनों को पाकिस्तान की नीति ने कभी रणनीतिक गहराई समझा था; आज वही उसके गले की फाँस बन चुके हैं।सीमा पार से लगातार हमले, विद्रोही गतिविधियाँ और आतंकी घुसपैठ पाकिस्तान की भीतर की असुरक्षा को और उजागर कर रही है। जिस देश ने दशकों तक अफगानिस्तान को अपनी सैन्य प्रयोगशाला बनाया, आज वही उसका सबसे असुरक्षित पड़ोसी बन चुका है। अमेरिका का पाकिस्तान के प्रति दृष्टिकोण अब ठंडा और व्यवहारिक है। अफगानिस्तान से अमेरिकी सैनिकों की वापसी के बाद वाशिंगटन ने पाकिस्तान से दूरी बना ली। अमेरिका अब भारत और इंडो-पैसिफिक रणनीति पर अधिक केंद्रित है, और पाकिस्तान को सुरक्षा साझेदार के बजाय भू-राजनीतिक बोझ की तरह देख रहा है। इमरान खान का अमेरिका विरोध और चीन झुकाव नीति इस दूरी को और बढ़ा चुकी है। अब अमेरिकी कूटनीति पाकिस्तान को केवल आतंक-नियंत्रण और मानवाधिकार के चश्मे से देखती है मदद या निवेश की उम्मीद लगभग समाप्त हो चुकी है।चीन के साथ पाकिस्तान की दोस्ती अब कजऱ्ी रिश्ते में बदल चुकी है। चीन-पाक आर्थिक गलियारा जिसे कभी विकास की जीवनरेखा कहा गया था,अब कजऱ् और निर्भरता की जंजीर बन चुका है।चीन ने अरबों डॉलर का निवेश किया, पर उस निवेश का नियंत्रण पूरी तरह बीजिंग के हाथ में है।चीन पाकिस्तान को रणनीतिक उपनिवेश की तरह देख रहा है जहाँ उसका आर्थिक नियंत्रण, बंदरगाहों पर सैन्य पहुँच, और संसाधनों पर प्रभुत्व स्थापित हो रहा है ग्वादर पोर्ट आज पाकिस्तान की नहीं, बल्कि चीनी सैन्य योजना का हिस्सा बन चुका है। इमरान सरकार और अब शहबाज़ शरीफ़ की सरकार, दोनों ही चीन पर अत्यधिक निर्भरता के जाल में फँस चुके हैं। चीन से मिलने वाले 11 अरब डॉलर के सहायता-पैकेज और आईएमएफ की कड़ी शर्तों के बीच पाकिस्तान का बजट मानो उधार के ऑक्सीजन सिलिंडर पर टिका है।जब कोई देश भीतर से कमजोर होता है, तो वह बाहरी दुश्मन की कल्पना करता है। इमरान खान के समय से लेकर अब तक, पाकिस्तान के नेतृत्व ने भारत-विरोध कोअपनी विफलताओं की ढाल बना लिया है।

## भाई (लघुकथा) — बढ़ता राजस्थान

सुबह-सुबह लीला जब जॉगिंग करके घर में दाखिल हुई तो उसने पति लीलेश को फोन पर बात करते हुए देखा। पति के फोन काटते ही लीला ने बातचीत का सार तत्व समझ व्यंग्य बाण छोड़ा, लगता है कि तुम्हारे भाई भरत का फोन था? फिर पैसे की मांग की गई है न? लीलेश ने बात न बढ़ाने की गरज से शाब्दिक मितव्ययिता अपनाते हुए कहा, हाँ।

लीला ने पति को अर्थशास्त्र समझाते हुए कहा,न जाने तुम कब समझोगे। अपने दोनों बेटों की भी चिंता किया करो। भाई को कब तक लादे फिरोगे। जब से आई हूँ तब से तुम्हारी यही हरकत देख रही हूँ। अरे, कभी शादी-विवाह पड़ा या कोई पर्व-त्योहार हुआ तो कुछ रुपए-पैसे आदमी दे देता है। इसके आगे का भाईचारा ठीक नहीं है। लीलेश पत्नी की बातों को अनसुना करते हुए बाहर निकल गया। लीला ने पति पर अतिरिक्त दबाव डालने के उद्देश्य से बहुराष्ट्रीय कंपनी में कार्यरत अपने बेटे रुद्रांश से एक दिन कहा, बेटा, मैं तो तुम्हारे पापा को समझाते-समझाते थक गई हूँ। अभी गांव से उनके भाई का फोन आया है कि आलू की फसल को पाला मार गया है। पैसे की दरकार है। अगर तुम्हारे पापा इसी तरह भामा शाह बने रहे तो तुम लोगों के लिए कुछ नहीं बचेगा। थोड़ा तुम भी उन्हें समझाओ न। शायद तुम्हारी बातों का उनपर कुछ असर हो जाए। रुद्रांश ने लीला से कहा, माँ, काका ने पापा के लिए बहुत कुछ किया है। उन्हीं की बदौलत पापा की पढ़ाई-लिखाई हुई तथा नौकरी लगी। जिस किसी सामान पर भी तुम हाथ रख देती हो पापा उसे खरीदवाते जरूर हैं। हम दोनों भाइयों की भी हर फरमाइश पूरी करते रहे हैं। वो कमाते हैं। अगर उसमें से कुछ अपने भाई के ऊपर खर्च कर भी देते हैं तो क्या बिगड़ जाता है? मैं उनका हाथ पकडऩे तो नहीं जाऊंगा।लीला पर बातों का असर न पड़ता देख रुद्रांश ने माँ की ममता का छोर टटोलते हुए कहा, माँ, यदि मैं अपने भाई रुद्राक्ष की मदद करूं तो तुम बुरा मानोगी क्या?

## हैल्थ टिप्स — बढ़ता राजस्थान

# किडनी फेलियर के कारण, लक्षण और बचाव

किडनी खराब होने के कई कारण हो सकते हैं, जिनमें सबसे आम है गलत खानपान और असंतुलित जीवनशैली। ज़्यादा नमक, तला-भुना और प्रोसेस्ड फूड खाना, पानी कम पीना और ब्लड प्रेशर, मोटापा या डायबिटीज को कंट्रोल में न रखना किडनी को धीरे-धीरे नुकसान पहुंचाते हैं। इसके अलावा, बार-बार पेशाब रोकना, पेनकिलर, एंटीबायोटिक या स्टेरॉयड दवाओं का लंबे समय तक इस्तेमाल, शराब और सिगरेट की लत भी किडनी की कार्यक्षमता को कमजोर कर देती है। कई बार यूरिन इंफेक्शन या आनुवांशिक कारणों से भी किडनी पर असर पड़ता है।



**किडनी खराब होने के लक्षण -**

चेहरे और आंखों के आसपास पर सूजन दिखाई देना पैरों और टखनों में सूजन बढऩा अत्यधिक थकान और कमजोरी पाचन संबंधी समस्याएं पीठ या कमर में दर्द बार-बार सिर में दर्द महसूस करना बार-बार या गहरे रंग में पेशाब आना पेशाब में झाग बनना बहुत कम मात्रा में पेशाब बनना त्वचा खुरदरी या ड्राई होना

**किडनी फेलियर से बचाव के उपाय**

दिनभर में कम से कम 2-3 लीटर पानी पिएं। खाने में कम नमक और कम तेल का प्रयोग करें। ताजे फल, सब्जियां और साबुत अनाज का सेवन करें धूम्रपान और शराब से पूरी तरह दूर रहें। ब्लड प्रेशर और शुगर को कंट्रोल में रखें। बिना डॉक्टर की सलाह के पेनकिलर या दवाएं न लें। हर 6 महीने में किडनी फंक्शन टेस्ट करवाएं। नियमित व्यायाम या योग करें। यूरिन इंफेक्शन के लक्षण दिखें तो इसे नजरअंदाज न करें।

## आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, अपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारम्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताए और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

**मेष**

आज आप पूरी मेहनत व लग्न से कामों में जुटेंगे, जिससे आपके सभी काम आसानी से पूरे होंगे और संतान की संगति पर आप थोड़ा ज्यादा ध्यान दें। काम को लेकर बाहर आना जाना लगा रहेगा।

**वृष**

आज का दिन आपके लिए जीवन स्तर में सुधार लेकर आएगा। ऑफिस में आपको काम को लेकर अपने जूनियर से कोई मदद लेनी पड़ सकती है। आप अच्छे खान-पान का आनंद लेंगे, लेकिन कोई पेट संबंधित समस्या आएगी।

**मिथुन**

आज का दिन आपके लिए आर्थिक दृष्टिकोण से अच्छा रहने वाला है, क्योंकि आपके लाभ के रास्ते खुलेंगे और आपके मन में काम को लेकर नए-नए आइडिया आएंगे। आपको फालतू के मामले में बोलने से बचना होगा।

**कर्क**

आज का दिन आपके लिए चिंताग्रस्त रहने वाला है। आप अपने कामों में यदि कोई बदलाव करेंगे, तो वह आपके लिए कमजोर रहेंगे। आपको अपने बढ़ते खर्चों पर कंट्रोल करने की आवश्यकता है।

**सिंह**

आज का दिन आपके लिए कामों में एकाग्र होकर जुटने के लिए रहेगा। आपकी कुछ निकटतम लोगों से मुलाकात होगी, लेकिन आप अपनी वाणी पर संयम रखें।

**कन्या**

आज का दिन आपके लिए व्यस्तता भरा रहने वाला है। आपको एक साथ कई काम हाथ लगने से आपकी व्याग्रता बढ़ेगी। दोस्तों के साथ आप किसी पार्टी आदि को करने की योजना बना सकते हैं।

**तुला**

आज आपके विरोधी आपको परेशान करने की कोशिश करेंगे। आपकी इनकम के सोर्स बढ़ेंगे और आपका कोई काम बनते बनते बिगड़ सकता है, इसलिए आप अपने कामों पर ही फोकस करें, तो आपके लिए बेहतर रहेगा।

**वृश्चिक**

आज का दिन आपके लिए उन्नति की राह पर आगे बढने के लिए रहेगा। आपको एक के बाद एक खुशखबरी सुनने को मिलेगी और आप अपने बिजनेस की योजनाएं को लेकर लापरवाही बिल्कुल नहीं करेंगे।

**धनु**

आज का दिन आपके लिए खर्चों भरा रहने वाला है। यदि आपका धन कहीं फंसा हुआ था तो उसके आपको मिलने की संभावना है और प्रेम संबंधों में प्रगाढ़ता आएगी। माता-पिता से आपको पारिवारिक मामले को लेकर बातचीत करनी होगी।

**मकर**

व्यापार कर रहे लोगों के लिए आज दिन बढ़िया रहने वाला है। आपको किसी दूर रह रहे परिजन से कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती है। आपकी संतान आपकी उम्मीदों पर खरी उतरेगी, लेकिन आपको किसी से कोई जरूरी जानकारी शेयर नहीं करनी है।

**कुंभ**

आज आपका कोई काम यदि लंबे समय से रुका हुआ था, तो उसे पूरा करने में समस्या आएगी और नौकरी में भी कुछ समस्याएं खड़ी हो सकती हैं। आप अपने परिवार में किसी सदस्य की ओर वादे को भी पूरा करने की पूरी कोशिश करेंगे।

**मीन**

आज का दिन आपके लिए अध्यात्म के कार्यों से जुडक़र नाम कमाने के लिए रहेगा। आपको अपने आसपास रह रहे शत्रुओं को पहचानने की आवश्यकता है। आप अपने मन में किसी के प्रति ईर्ष्या द्वेष की भावना न रखें।

# कलेक्टर की बिना मंजूरी के नहीं बनेगा सरकारी भवन, हर नए निर्माण से पहले देनी होगी रिपोर्ट

बढ़ता राजस्थान

**सवाईमाधोपुर (राकेश शर्मा)।** अब अनावश्यक सरकारी भवनों के निर्माण पर राज्य सरकार लगाम कसने की तैयारी में है। हाल ही में हुए एक सर्वे में सामने आया कि प्रदेश में 10 हजार से अधिक सरकारी भवन या तो वर्षों से खाली हैं या विभागीय समन्वय के अभाव में अनुपयोगी हो चुके हैं।

इस बारे में सरकार का मानना है कि इन भवनों का उपयोग सरकारी कार्यालयों के रूप में किया जा सकता है, जिससे नए निर्माण की जरूरत काफी हद तक कम हो जाएगी। मुख्य सचिव सुधांश पंत ने वित्त, आबकारी और कराधान विभाग की ओर से जारी आदेश में सभी जिला कलक्टरों को निर्देश दिए कि किसी भी विभाग की ओर से नया भवन निर्माण प्रस्ताव मिलने पर पहले यह तय किया जाए कि जिले में पहले से कोई उपयोग योग्य भवन नहीं है। यदि भवन उपलब्ध हैं, तो उन्हीं का पुनः उपयोग किया जाए।

**बिना प्रमाण पत्र नहीं बनेगा भवन :** अब कोई भी विभाग नया भवन निर्माण प्रस्ताव तभी भेज सकेगा, जब जिला कलक्टर यह प्रमाणित करेंगे कि जिले में उपयोग योग्य भवन उपलब्ध नहीं है। वित्त विभाग ने स्पष्ट किया कि नए भवनों के लिए अब अंधाधुंध स्वीकृतियां नहीं दी जाएगी। इस व्यवस्था से न केवल राजकोष पर भार घटेगा बल्कि पहले से बने भवनों का उपयोग भी होगा।

**विभागीय समन्वय की कमी से बिगड़ी स्थिति :** जिला स्तर पर विभागों के बीच समन्वय की कमी के कारण कई सरकारी भवन अनुपयोगी हो गए हैं। शिक्षा विभाग के कई पुराने स्कूल भवन अब खंडहर बन चुके हैं। वहीं पंचायत भवनों में कभी-कभी अन्य विभागों के अस्थायी कार्यालय चला दिए जाते हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि यदि विभाग आपसी समन्वय बढ़ाएं तो नए भवन निर्माण की आवश्यकता कई बार टल सकती है।



**प्रदेश में 10 हजार से अधिक सरकारी भवन खाली या अनुपयोगी :** कई भवनों में वर्षों से कोई गतिविधि नहीं।कुछ भवनों का उपयोग अन्य विभागों के कार्यों में किया जा सकता है। जर्जर भवनों की मरम्मत कर उपयोग में लाने की तैयारी की जा रही है।

**भविष्य में बनेगा 'भवन बैंक :** सूत्रों के अनुसार आगे चलकर प्रत्येक जिले में 'भवन बैंक' बनाया जाएगा। इसमें सभी सरकारी भवनों का डेटा दर्ज रहेगा। कौन-सा भवन उपयोग में है, कौन-सा खाली है और कौन-सा मरम्मत योग्य है। इससे विभागों को नया भवन मांगने से पहले उपलब्ध भवनों की जानकारी आसानी से मिल सकेगी।

**प्रशासनिक सख्ती से बदलेगा सिस्टम :** विशेषज्ञों का कहना है कि यह कदम सरकारी संसाधनों के अपव्यय को रोकने में मील का पत्थर साबित होगा। अब तक कई विभाग बिना आवश्यकता के नई इमारतें बनवा लेते थे, जबकि पुराने भवन अनुपयोगी पड़े रहते थे। नई व्यवस्था से जवाबदेही तय होगी और सरकारी सिस्टम में पारदर्शिता बढ़ेगी।

### जयपुर जिले में 180 सरकारी स्कूलों के भवन खाली

जयपुर जिले में शिक्षा विभाग की बात की जाए तो आंधी, बस्सी, चाकसू, दूदू, गोविंदगढ़, जालसू, जमवारामगढ़, झोटवाड़ा, जोबनेर, किशनगढ़ रेनवाल, कोटखावदा, मौजमाबाद, फागी, सांभरलेक, शाहपुरा व तूंगा में 180 सरकारी स्कूलों के भवन खाली है, जो आज किसी काम नहीं आ रहे हैं। यदि जयपुर जिले अन्य विभागों की बात की जाए तो करीब 250 सरकारी भवन खाली हैं जो किसी काम नहीं आ रहे।

### इनका कहना है

प्रदेश में करीब 10 हजार सरकारी भवन ऐसे हैं, जो वर्तमान में कोई काम नहीं आ रहे हैं, उनको सरकारी कार्यालय के काम लिया जा सकता है। जिला कलक्टरों को आदेश दिए हैं कि जिले में कोई भी सरकारी भवन का निर्माण उनकी स्वीकृति के बिना नहीं होगा।

**-सुधांश पंत,** मुख्य सचिव, राजस्थान सरकार

## जिला प्रमुख सरोज बंसल व नरेश बंसल ने दी मुख्यमंत्री सहित मंत्रियों को दीपावली की शुभकामनाएं



बढ़ता राजस्थान

**टोंक (पुरूषोतम जोशी)।** दीपावली के अवसर पर जिला प्रमुख सरोज बंसल, भाजपा संगठन जयपुर सह प्रभारी नरेश बंसल ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौर, उप-मुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा, कैबिनेट मंत्री मदन दिलावर, जल संसाधन मंत्री कन्हैया लाल चौधरी, सहकारिता एवं नागरिक उड्डयन स्वतंत्र प्रभार मंत्री गौतम दक, पर्यावरण, जलवायु परिवर्तन, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग मंत्री संजय शर्मा से शिष्टाचार भेंटकर टोंक जिलेवासियों की ओर दीपावली की शुभकामनाएं एवं बधाई दी।

## बिडोली-कनेसर सड़क मार्ग पर हो रहे है गहरे गड्ढे,दुर्घटना होने का रहता है अंदेशा



बढ़ता राजस्थान

**निवाई (का.स.)।** गांव बिडोली से कनेसर जाने वाले सड़क मार्ग पर गहरा गड्ढा हो गया है जिससे हमेशा दुर्घटना होने का अंदेशा बना रहता है। ग्रामीण सुरेश माली, सियाराम शर्मा, सुरज्ञान गुर्जर, रामदेव गुर्जर, रामविलास शर्मा, धोलू गुर्जर व दिनेश माली ने बताया कि कुछ दिन पहले मूसलाधार बारिश से सडक़ का आधा हिस्सा टूट कर बह गया था। जिससे ग्रामीणों को दुर्घटना होने का अंदेशा बना रहता है। पंचायत प्रशासन को कई बार सडक़ में हुए गड्ढे के बारे में अवगत करवाया गया।मगर इस ओर ध्यान नहीं देने से ग्रामीणों में रोष व्याप्त है।

## कांग्रेस के आरीफ कुरेशी बने बिहार राज्य के चुनाव पर्यवेक्षक

बढ़ता राजस्थान



**निवाई (का.स.)।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा बिहार राज्य के चुनाव को लेकर चुनाव पर्यवेक्षकों की नियुक्तियां की गई। जिनमें निवाई के मोहम्मद आरीफ कुरेशी को बिहार राज्य के चुनाव पर्यवेक्षक व फिरोज खान लुहारा को सहायक पर्यवेक्षक के पद पर नियुक्त किया है।

## टोंक में 4.69 करोड़ रूपये की राशि से होंगे एनीकट्स के मरम्मत व जीर्णोद्धार कार्य

### कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जताया सचिन पायलट का आभार

बढ़ता राजस्थान

**टोंक (पुरूषोतम जोशी)।** टोंक विधानसभा क्षेत्र के एनिकट्स के 469 लाख रूपये की राशि से मरम्मत एवं जीर्णोद्धार कार्य स्वीकृत करवाने पर टोंक के स्थानीय जनप्रतिनिधियों, कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं आमजन ने कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिवए पूर्व उप मुख्यमंत्री एवं टोंक विधायक सचिन पायलट का आभार जताया है। जल संसाधन विभाग द्वारा तह. टोड़ारायसिंह के छाणबास एनीकट मरम्मत एवं अन्य निर्माण कार्य बीसलपुर परियोजना के अन्तर्गत के लिए 2.03 करोड़ रूपये, छानबास छोटा एनीकट मरम्मत एवं अन्य निर्माण कार्य के लिए 1.50 करोड़ रूपये तथा बनेडिया पुराना एनीकट मरम्मत एवं अन्य निर्माण कार्य बीसलपुर परियोजना के अन्तर्गत हेतु 1.16 करोड़ रूपये की स्वीकृति जारी की गई है। पीसीसी सचिव सउद सईदी, कांग्रेस जिलाध्यक्ष हरिप्रसाद बैरवा, टोंक प्रधान सुनीता गुर्जर, जिला संगठन महासचिव दिनेश चैरासिया, सरपंच संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष हंसराज गुर्जर, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष इरशाद बेग, कैलाशी देवी मीणा सहित समस्त मण्डल कांग्रेस अयक्ष एवं कार्यकर्ताओं ने पायलट का आभार व्यक्त किया।

## चाकू की नोंक पर अपहरण: फिर बनाया विवाहिता का अश्लील वीडियो, 2 शहरों में ले जाकर किया बलात्कार

बढ़ता राजस्थान

**सवाईमाधोपुर (राकेश शर्मा)।** जिले के एक गांव में 40 वर्षीय विवाहिता ने एक व्यक्ति को नामजद करते हुए चाकू की नोक पर अपहरण तथा बलात्कार करने का आरोप लगाया है। महिला की तहरीर पर पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर जांच आरपीएस अधिकारी को सौंपी है।

घटना 12 अक्टूबर की बताई गई है। इससे पूर्व 13 अक्टूबर को पति ने पत्नी के गुम होने की प्राथमिकी दर्ज कराई थी। विवाहिता की तलाश के दौरान पुलिस ने महिला को पीहर से दस्तयाब कर बयानों के आधार पर मां व भाई-भाभी के सुपुर्द कर दिया था। पुलिस के अनुसार शुक्रवार को महिला पति के साथ सबंधित थाने पहुंची।

पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया कि वह ग्राम पंचायत में मनरेगा में काम करती थी। 12 अक्टूबर की रात को घर के बाहर लघुशंका के लिए निकली। इस दौरान दो व्यक्ति घर के बाहर बाइक लेकर खड़े थे। एक आरोपी ने हाथ पकड़ कर कुछ सुंघाया, जिससे वह अचेत हो गई।

## 30 विद्युत कनेक्शन काटे, 3 लाख की वसूली

बढ़ता राजस्थान

**निवाई (का.स.)।** विद्युत विभाग ने बकाया बिल राशि वसूली अभियान के तहत शहर में शनिवार को दूसरे दिन भी 30 विद्युत कनेक्शन काटे गए एवं 3 लाख रुपए की वसूली की गई। विभाग के सहायक अभियंता कैलाशचन्द माली ने बताया कि बकाया बिल वसूली अभियान को लेकर जमात, शिवाजी कॉलोनी, हनुमान नगर, रेलवे स्टेशन, वनस्थली मोड, रिको द्वितीय, मायला बाग, गणगौरी बाजार, खणदेवत रोड, पुरानी सब्जी मंडी व पुलिस थाने के आस पास के क्षेत्र में विद्युत के 2 लाख रुपए बकाया चल रहे थे। उपभोक्ताओं द्वारा राशि जमा नहीं करवाने पर शनिवार को करीब 30 विद्युत कनेक्शन काटे गए हैं।

## गर्भवती विवाहिता की संदिग्धावस्था में मौत

### मृतका के भाई ने उसके पति के खिलाफ योजनाबद्ध तरीके से हत्या किये जाने का कराया मामला दर्ज

बढ़ता राजस्थान

**टोंक (पुरूषोतम जोशी)।** पुरानी टोंक थाना क्षैत्र के मौहल्ला छावनी में एक गर्भवती विवाहिता की संदिग्धावस्था में मौत हो गई। वहीं दूसरी तरफ मृतका के भाई ने उसके पति के खिलाफ योजनाबद्ध तरीके से हत्या किए जाने की रिपोर्ट पुलिस को दी है। घटना की जानकारी मिलते ही मृतका के परिजन सहित ग्रामीण शनिवार को सआदत अस्पताल टोंक पहुंचे, जिन्होंने मृतका मनीषा के पति कुलदीप नायक के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज करके गिरफ्तारी की मांग की।

उल्लेखनीय रहे मृतका का पति कुलदीप जिला पुलिस अधीक्षक कार्यालय टोंक में बाबू के पद पर कार्यरत है। कुलदीप अपने पिता बाबूलाल नायक की जगह अनुकम्पा नियुक्ति पर लगा बताया । मृतका गर्भवती बताई जाती है। मृतका के भाई प्रहलाद नायक निवासी जामडोली तहसील बौंली जिला सवाई माधोपुर ने पुरानी टोंक पुलिस को इस आशय की एक रिपोर्ट दी है कि उसकी बहिन मनीषा की शादी 30 अप्रैल



2025 को छावनी चौराहा टोंक निवासी कुलदीप नायक पुत्र बाबूलाल नायक के साथ हुई थी। शादी के कुछेक दिनों बाद ही कुलदीप नायक ने मनीषा से दहेज के लिए मारपीट शुरू कर दी, जिससे तंग आकर मनीषा रक्षाबंधन पर अपने पीहर जामडोली आ गई। जिसको बाद में कुछेक रुपए देकर समझाईश करके टोंक भेज दिया था। मृतका के भाई प्रहलाद नायक ने पुलिस को दी गई रिपोर्ट में लिखा है कि 24अक्टूबर को कुलदीप का फोन आया कि उसकी बहिन मनीषा बेहोश हो गई है । वह टोंक आए तो उसकी बहिन मनीषा की मौत हो चुकी थी, जिसके शरीर पर मारपीट के निशान होने के कारण शंका है कि उसकी बहिन मनीषा की योजनाबद्ध तरीके से हत्या की गई है। मृतका के भाई की तरफ से दी गई रिपोर्ट के बाद पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज किया है साथ ही जांच शुरू की है।

घटना की जानकारी मिलने पर एफएसएल एवं एमओयू टीम मौके पर पहुंचकर साक्ष्य जुटाये। पुलिस ने शनिवार को मेडिकल बोर्ड से मृतका के शव का पोस्टमार्टम के बाद शव पीहर पक्ष के परिजनों के सुपुर्द किया गया है।

## जिला सीनियर वालीबॉल प्रतियोगिता सम्पन्न



बढ़ता राजस्थान

**टोंक (पुरूषोतम जोशी)।** अम्बेडकर स्टेडियम टोंक पर 23 व 24 अक्टूबर को 70वीं टोंक जिला सीनियर वालीबॉल प्रतियोगिता आयोजित की गई । इस प्रतियोगिता के पुरुष वर्ग में ग्राम चांदली की टीम विजेता एवं एम जी स्पोर्ट्स एकेडेमी टोंक उप-विजेता रही।

महिला वर्ग में बनस्थली विधापीठ विजेता एवं एम जी स्पोर्ट्स एकेडेमी उप-विजेता रही। पारितोषिक वितरण समारोह के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय मुस्लिम मंच के संयोजक सैय्यद अबुबकर नकवी, अध्यक्ष शिक्षाविद् सुनील बंसल एवं विशिष्ठ अतिथि रोटेरियन के. आर. खान रहे। इस अवसर पर खेल अधिकारी देव नारायण गुर्जर, मुमताज राही, रचित सिंगोदिया, गयासुदीन खुर्रम, प्रवल बंसल, नवीन त्रिपाठी, वसीम सैफी, नासिर खान, शकील पहलवान, मोहन सिंह, रवींद्र सिंह एवं मधु यादव आदि मौजूद थे।

## एसडीएम के बाद अब तहसीलदार का कारनामा, सरकार ने बिना समय गवाएं कर दिया निलंबित

बढ़ता राजस्थान

**सवाईमाधोपुर (राकेश शर्मा)।** राज्य सरकार सरकारी पदों पर बैठे उन अफसरों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के मूड में है, जिन पर पद का दुरुपयोग करने या जनता के साथ 'रौब' झाड़ने का आरोप लगता है। इसी क्रम में, करौली में बड़ी प्रशासनिक कार्रवाई करते हुए नायब तहसीलदार महेंद्र गुर्जर को निलंबित कर दिया गया है। यह कार्रवाई करौली जिला मुख्यालय पर एक चर्चित और संवेदनशील भूमि प्रकरण से जुड़ी मानी जा रही है। राजस्व मंडल राजस्थान, अजमेर के निबंधक ने महेंद्र गुर्जर के निलंबन के आदेश जारी किए हैं। निलंबन का आधार उनके करौली तहसीलदार पद पर रहने के दौरान लंबित विभागीय जांच को बनाया गया है। आदेश के अनुसार, निलंबन अवधि के दौरान महेंद्र गुर्जर का मुख्यालय राजस्व मंडल राजस्थान, अजमेर रहेगा। यह कदम सरकारी मशीनरी में जवाबदेही और पारदर्शिता सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण संकेत है।

यह कार्रवाई करौली जिला मुख्यालय के एक बहुचर्चित भूमि विवाद प्रकरण से संबंधित है, जिसमें बड़े स्तर पर अनियमितताओं की शिकायतें मिली थीं। इस मामले की गंभीरता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि तहसीलदार स्तर के अधिकारी से पहले दो पटवारियों को भी निलंबित किया जा चुका है। माना जा रहा है कि इस भूमि प्रकरण में नियमों की अनदेखी या पद का दुरुपयोग किया गया था, जिसकी जांच अभी भी जारी है। महेंद्र गुर्जर के खिलाफ यह कार्रवाई राजस्व विभाग में व्याप्त संभावित अनियमितताओं पर प्रहार मानी जा रही है। यह दूसरी बार है जब राजस्थान सरकार ने बिना समय गंवाए किसी सरकारी अफसर के 'कारनामे' पर त्वरित कार्रवाई की है।

## भैरवनाथ मंदिर में एक पखवाड़े में तीसरी बार चोरी, दानपात्र तोड़कर नकदी उड़ाई

बढ़ता राजस्थान

**टोंक (पुरूषोतम जोशी)।** जिले के पीपलू क्षेत्र के नाथड़ी रोड पर स्थित प्राचीन भैरवनाथ मंदिर को एक पखवाड़े में तीन बार अज्ञात चोरों ने निशाना बनाया है। बीती रात चोरों ने मंदिर के दानपात्र को तोड़कर उसमें रखी अनुमानित करीब 45,000 रुपए की नकदी चुरा ली और फरार हो गए।

बताया जा रहा है कि दीपोत्सव पर्व के दौरान दानपात्र में अच्छा खासा चढ़ावा आया था। साथ ही रविवार को दानपात्र खालेकर राशि निकाली जानी थी लेकिन उससे पहले चोरी की यह वारदात हो गई। यह घटना इस मंदिर में पिछले कुछ समय में हुई चोरी की तीसरी वारदात है, जिससे स्थानीय ग्रामीणों में भारी आक्रोश है। ग्रामीणों ने इस लगातार हो रही चोरियों पर गहरा गुस्सा व्यक्त किया है। मंदिर में




तीसरी बार चोरी की घटना ने पुलिस की रात्रि गश्त और सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि पुलिस की लापरवाही के कारण ही चोर बार-बार धार्मिक स्थलों को निशाना बनाने में सफल हो रहे हैं। चोरी की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मौका मुआयना किया, लेकिन अब तक चोरों का कोई सुराग नहीं मिल पाया है। समिति अध्यक्ष एडवोकेट राजाराम चौधरी ने पीपलू थाने में चोरी का रिपोर्ट दर्ज करवाई है। ग्रामीणों ने पुलिस को तत्काल प्रभाव से चोरों को गिरफ्तार करने और मंदिर क्षेत्र में प्रभावी पुलिस गश्त सुनिश्चित करने की मांग की है। साथ ही चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही इस मामले का खुलासा नहीं हुआ, तो वे आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

थानाधिकारी देवेन्द्रसिंह राठौड़ ने बताया कि समिति की ओर से रिपोर्ट दी गई है। चोरों की तलाश शुरू कर दी है। घटना को लेकर मंदिर में लगे सीसीटीवी फुटेज मिले हैं साथ ही मुख्य रास्तों, चौराहों और आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। जल्द ही आरोपियों को पकड़ लिया जाएगा।

### शुरुआत सामूहिक हनुमान चालीसा पठन के साथ, 101 दीपों के साथ भगवान परशुराम की महाआरती

## सर्व ब्राह्मण महासभा का दीपावली स्नेह मिलन समारोह सम्पन्न

बढ़ता राजस्थान

**टोंक (पुरूषोतम जोशी)।** सर्व ब्राह्मण महासभा जिला टोंक की और से दीपावली स्नेह मिलन समारोह का आयोजन गंगा जमुना मिश्र गार्डन में किया गया।

प्रमुख महामंत्री ब्रजराज स्नेही ने बताया कि समारोह में महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित सुरेश मिश्रा, सदगुरू आश्रम के पंडित राजकुमार शर्मा, रामभरोसे महाराज, जिलाध्यक्ष शैलेन्द्र शर्मा, महंत सुरेश दुबे ने मंत्रोच्चार के साथ भगवान परशुराम जी के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। इस अवसर पर सभी अतिथियों को माला, साफा, दुपट्टा पहनाकर स्वागत सम्मान किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सभी ने सामूहिक हनुमान चालीसा पठन के साथ की एवं सभी सदस्यों ने 101 दीपों के साथ भगवान परशुराम की महाआरती की। समाजबंधुओं को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित सुरेश मिश्रा ने सभी को दीपावली की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि स्नेह मिलन जैसे कार्यक्रम करना अच्छा कदम, इससे सामाजिक एकजुटता एवं मेलजोल को बढ़ावा मिलता है, जिससे



संबंधों में मिठास एवं नवीन ऊर्जा का संचार होता है। ये केवल उत्सव नहीं बल्कि आपसी प्रेम एवं सद्भावना का संगम है।

समारोह की अध्यक्षता करते हुए पंडित राजकुमार शर्मा ने कहा कि स्नेह मिलन के आयोजन समाज में एक नई चेतना एवं जागरूकता लाने एवं भविष्य में भी समाज को एकजुट रखने में सहायक साबित होते है, जिससे न केवल धार्मिक बल्कि सामाजिक गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलता है। जिलाध्यक्ष शैलेन्द्र शर्मा ने जिला कार्यकारणी के सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों को दीपावली की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आप सभी ने कई वर्षों से महासभा की और से आयोजित होने वाले सभी कार्यक्रमों को सफलतापूर्वक आयोजित कराने में अपना पूर्ण सहयोग प्रदान किया, आप सभी ने स्नेह मिलन समारोह में इतनी बड़ी संख्या में पधारकर मुझे में एक नई ऊर्जा का संचार किया है। इस अवसर पर राजस्थान प्रशासनिक सेवा में चयन होने पर रोनक शर्मा, अनुज शर्मा का माला दुपट्टा एवं भगवान परशुराम जी का चित्र भेट कर सम्मान किया । कार्यक्रम में महासभा के 21 साथियों को सेवा सम्मान पत्र भेंट कर सम्मान किया ।

इस अवसर पर प्रधान संरक्षक शंभूदयाल शर्मा, ज्ञानेन्द्र श्रोतिय, महामंत्री विष्णुदत्त खांडल, दिनेश तिवाड़ी, गिरिराज प्रसाद शर्मा, उमा शंकर उपाध्याय, सौभागमल शर्मा, राधाकृष्ण दाधीच बम महाराज, राजाराम शर्मा, चन्द्र शेखर पारीक, बाबूलाल शर्मा अमीन, विष्णु पारीक, रामप्रसाद शर्मा, अश्वनी शर्मा, डॉ. प्रेमशंकर शर्मा, गौतम प्रसाद गौतम, राजाराम शास्त्री, प्रहलाद निमावत, सुनील शर्मा निवाई, विवेक शर्मा, जितेन्द्र खेड़ी, कनिष्क शर्मा, अंकुर जोशी, समित दीक्षित, कैलाश शर्मा, चंद्रप्रकाश शर्मा, गोविन्द नारायण पुरोहित, रमेश चन्द शर्मा देवली, राजेंद्र शर्मा देवली, राजेश जोशी उनियारा, प्रदीप पारीक निवाई, राजेश भट्ट निवाई, भागीरथ पारीक निवाई, कुलदीप शर्मा सहित समाज के सैंकड़ों की संख्या में महिला-पुरुष मौजूद रहे।

## उदयपुर की बेटी कोच शौर्या जैन भारतीय टीम लेकर बहरीन पहुंची

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर (नि.स.)।** बहरीन में आयोजित हो रहे तीसरे एशियन युथ गेम्स में भारतीय कैमल राइडिंग टीम की कोच बनी उदयपुर की शौर्या जैन



भारतीय टीम को लेकर आज अबू धाबी से बहरीन पहुंची। भारतीय टीम में बालिका वर्ग में फलोदी की करिश्मा विश्नोई एवं बालक वर्ग में बाड़मेर के हितेंद्र सिंह और मुंबई के ऋषभ कदम को शामिल किया गया है। विगत 8 अक्टूबर से 20 अक्टूबर तक केमल राइडिंग टीम यूएई के अबू धाबी शहर में आयोजित प्रशिक्षण शिविर में वहां के ऊंटों के साथ प्रशिक्षण प्राप्त कर रही थी। कैमल राइडिंग गेम को पहली बार एशियन यूथ गेम्स में शामिल किया गया है और इसमें भारत ने भी अपनी टीम भेजी है। शिविर में कड़े प्रशिक्षण से भारतीय टीम के पदक जीतने की उम्मीद भी जगी हुई है। केमलिड स्पोर्ट्स एसोसिएशन इंडिया के सचिव विष्णु नारायण एवं अक्षय पोसवाल भी इस टीम के साथ बहरीन पहुंचे हैं।

## वानेश्वर हनुमान जी को 28 को धराया जाएगा अन्नकूट भोग

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर (नि.स.)।** गणपति विहार स्थित वानेश्वर हनुमान मन्दिर में चतुर्थ अन्नकूट महोत्सव मंगलवार 28 सितम्बर को सम्पन्न होगा समिति के सचिव पूर्व पार्षद अरविन्द जारोली ने बताया कि इस अवसर पर मन्दिर की आकर्षक साज सज्जा की जाएगी।इसमें भक्त अपने स्तर पर विविध प्रकार के व्यंजनों का भोग वानेश्वर हनुमान जी को धराएंगे। समिति के अध्यक्ष देवकिशन मेनारिया ने बताया इस हेतु विभिन्न कमेटियों का गठन किया गया हे जिसमे डॉ सुरेश जोशी, डॉ भारतभूषण ओझा, ललित सैन,वीरेंद्र शर्मा,अशोक समदानी अपनी सेवाएं दे रहे हे। डॉ.भारतभूषण ने बताया इस अवसर पर अन्नकूट के दर्शन सायं 4 बजे से रात्रि 10 बजे तक,महाआरती 8.15बजे,सुंदरकांड का पाठ रात्रि 10 बजे तक चलेगा। समिति के गोरधन सुथार ने बताया महाआरती,सुंदरकांड व दर्शन के लिए कमेटी गठित की गई हे जिसमें दुर्गेश नागदा,सुधीर मेहता, दिनेश मेनारिया,अनिल जयसवाल व रमेश जीनगर अपनी सेवाएं देगे।

## एडीएम ने आबूरोड अस्पताल का निरीक्षण कर दिए निर्देश

बढ़ता राजस्थान

**सिरोही (नि.स.)।** आबूरोड के उप जिला चिकित्सालय का शनिवार को अतिरिक्त जिला कलक्टर राजेश गोयल ने औचक निरीक्षण किया। उन्होंने अस्पताल की व्यवस्थाओं का जायजा लेकर अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने लेबर रूम, लैब, वार्ड और अन्य परिसरों का जायजा लेते हुए सफाई-सफाई पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। एडीएम ने अस्पताल प्रबंधन को निर्देश देते हुए कहा कि मरीजों को बेहतर सुविधाएं प्रदान करना प्राथमिकता होनी चाहिए। चिकित्सालय प्रभारी पीएन गुप्ता ने बताया कि वार्ड में पर्याप्त व्यवस्था के लिए 50 अतिरिक्त बिस्तर की आवश्यकता है। उपखंड अधिकारी शंकरलाल मीणा साथ रहे।

## ऋतिक शर्मा के निधन पर संपूर्ण गांव में शोक की लहर

बढ़ता राजस्थान

**पावटा ( सुशील कुमार बंसल)।** मांजूकोट निवासी ऋतिक शर्मा पुत्र



राकेश शर्मा की अकस्मात रोड एक्सीडेंट में होने के कारण निधन हो गया जिससे संपूर्ण गांव में शोक की लहर दौड़ गई। ऋतिक के चाचा योगेश शर्मा विमल शर्मा ने बताया कि ऋतिक के निधन पर प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री भजन लाल शर्मा ,जयपुर सांसद मंजू शर्मा ,कैबिनेट मंत्री राज्यवर्धन सिंह राठौड़ , हवामहल विधायक बालमुकुंदाचार्य, वरिष्ठ कांग्रेस नेता पुष्पेंद्र भारद्वाज , पवन शर्मा जवानपुरा, ब्राह्मण महासभा तहसील अध्यक्ष राजेश शर्मा, ब्राह्मण महासभा पावटा नगर महामंत्री दीपक पटेल, विप्र फाउंडेशन आदि ने इस निधन पर शोक व्यक्त किया है ।

## तेली समाज की क्रिकेट प्रतियोगिता का महा संग्राम आज से देवगढ़ मे

बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद (सुरेश बागोरा)।** देवगढ़ के श्री करणी माता स्टेडियम मे प्रथम तेली समाज टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन शुक्रवार




को भीम देवगढ़ विधायक हरि सिंह रावत, नगर पालिका अध्यक्ष शोभा लाल रेगर व तेली समाज के अध्यक्ष की मौजूदगी मे होगा। यह जानकारी देते हुए तेली समाज के कन्हैया लाल ने बताया की उक्त प्रतियोगिता मे 11टीम भाग ले रही है। प्रतियोगिता का उद्घाटन मैच के बिच खेला जायेगा। प्रतियोगिता के तकनिकी सलाहकार नितिन तिवारी ने बताया की दिन -रात्रि को होने वाले इस प्रतियोगिता के मैच नॉक आउट पद्धति पर खेले जायेंगे।जिसके लिए अंपायर स्कोरर नियुक्त कर लिए गए है। प्रतियोगिता का सीधा प्रसारण यू ट्यूब के माध्यम से किया जायेगा।तथा प्रत्येक मैच की स्कोररिंग ऑनलाइन की जाएगी.। प्रतियोगिता का फाइनल मैच दिनांक 27अक्टूबर को रात्रि मे दूधिया रौशनी मे खेला जायेगा। इससे पहले आयोजक टीम द्वारा आयोजित किये समारोह मे समाज के गणमान्य व्यक्तियों के सामने प्रतियोगिता की विजेता व उपविजेता ट्रॉफी का विधिवत अनावरण किया गया।

## गुजरात के उपमुख्यमंत्री मंत्री पहुंचे नाथद्वारा

बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद (सुरेश बागोरा)।** वल्लभ संप्रदाय की प्रधानपीठ श्रीनाथजी मंदिर में गुजराती नववर्ष पर दर्शन करने शनिवार को गुजरात सरकार



में उपमुख्यमंत्री हर्ष संघवी पहुँचे । सिंघवी सडक़ मार्ग से सुबह बारह बजे नाथद्वारा पहुँचे व सपरिवार प्रभु श्रीनाथजी की राजभोग झांकी के दर्शन किए जहां दर्शनों उपरांत में अधिकारी सुधाकर उपाध्याय ने मंदिर परंपरानुसार उपरना ओढ़ाकर व श्रीनाथजी का प्रशाद भेंट कर उनका स्वागत किया । उपमुख्यमंत्री ने कहा कि हरवर्ष दीपावली के बाद शुरू होने वाले गुजराती नववर्ष पर लाखों की संख्या में गुजराती वैष्णव श्रीनाथजी के दर्शन करने आते है में भी इस बार सपरिवार श्रीनाथजी के दर्शन करने आया हूँ और ठाकुरजी से देश प्रदेश में खुशहाली की कामना की है।

# आखिर कहां गायब हुए सड़क मरम्मत को मिले पांच करोड़!

### खस्ताहाल सड़क से रोज ही गुजरते हैं सांसद व जिला प्रमुख, सिरोही-मंडार मार्ग के लिए सालभर पहले स्वीकृत हुई थी राशि



सिरोही. खस्ताहाल मंडार मार्ग, जिस पर हाल ही में युवाओं ने मिट्टी डाली थी।



सिरोही. सडक़ सुधार की मांग करते हुए प्रतीकात्मक रूप से मरम्मत करते युवा।

बढ़ता राजस्थान

**सिरोही (जीतेश रावल)।** सिरोही-रेवदर-मंडार मार्ग की मरम्मत के लिए सालभर पहले स्वीकृत करीब पांच करोड़ रुपए कहीं गायब हो गए या कहीं अटक गए, यह तो पता नहीं पर बदहाल सडक़ अपनी कहानी खुद कह रही है। इस मार्ग पर गड्ढों की आज तक न तो मरम्मत हुई और न वाहन चालकों को राहत मिल पाई। हाल ही में मंडार व रेवदर कस्बें में क्षतिग्रस्त सडक़ की मरम्मत के लिए लोग प्रदर्शन भी कर चुके हैं। सिरोही शहर में भी छात्रों ने इसी तरह का प्रदर्शन किया, लेकिन सडक़ के गड्ढे जस के तस ही है। सबसे बड़ी बात तो यह कि सांसद लुम्बारामचौधरी व जिला प्रमुख अर्जुनराम खुद इसी मार्ग से प्रतिदिन आवाजाही करते हैं, लेकिन जनता की इस समस्या पर इनका ध्यान नहीं जा रहा। अब सालभर पहले सडक़ मरम्मत के लिए स्वीकृत राशि कहां गायब हो गई यह कहना मुश्किल है।

इस कारण मिली मरम्मत स्वीकृति

उल्लेखनीय है कि सिरोही से मंडार तक सडक़ को बेहतर बनाने और फोरलेन में तब्दील करने की दिशा में स्वीकृति जारी की गई थी। नेशनल हाईवे खंड पाली ने 15 अक्टूबर 2024 को इस 76.4 किमी लम्बे मार्ग को अपने अधीन लेते हुए इसे टू-लेन से फोरलेन में बदलने का निर्णय लिया। 4 अक्टूबर 2024 को प्रोजेक्ट रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार करने के लिए नए सिरे से टेंडर जारी किए।

**कुल पौने छह करोड़ का बजट स्वीकृत**

भारत सरकार के परिवहन और हाईवे मंत्रालय ने इस सडक़ के सुधार और डीपीआर तैयार करने के लिए बड़ी राशि स्वीकृत की थी। इसके तहत कुल 5.87 करोड़ रुपए का बजट स्वीकृत किया गया। इसमें से 1.91 करोड़ रुपए डीपीआर निर्माण के लिए और 4.96 करोड़ रुपए सडक़ मरम्मत के लिए आवंटित किए गए।

**आंखें मूंदकर बैठे हैं शासन-प्रशासन**

सिरोही शहर में ही अनादरा मार्ग पर कुछ दिनों पहले छात्रों ने प्रतीकात्मक रूप से सडक़ के गड्ढों को मिट्टी से पाटने का कार्य किया था। छात्रों ने संदेश दिया कि टूटी सडक़ों पर चलने से आए दिन हादसे हो रहे हैं। फिर भी सरकार और प्रशासन आंख बंद कर बैठे हैं। वैसे युवा छात्रों की यह पहल शासन-प्रशासन को जगाने की थी, लेकिन इस कार्य के बाद भी न तो सडक़ की मरम्मत हुई और न राहत मिल पाई।

**बेपरवाह नजर आ रही हाईवे ऑथोरिटी**

उधर, इस सम्बंध में हाईवे ऑथोरिटी भी बेपरवाह नजर आ रही है। लगातार हो रहे हादसों के बावजूद गड्ढों को पाटने की दिशा में काम नहीं किया जा रहा। सिरोही-मंडार तक की यह सडक़ अब राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच) पाली खंड के अधीन है। एनएच अधिकारी राहुलसिंह से इस सम्बंध में बातचीत का प्रयास किया पर उन्होंने फोन रिसीव नहीं किया।

## हिन्दुस्तान जिंक की सीएसआर पहल सखी ने महिलाओं को दी 125.71 करोड़ की आर्थिक ताकत

### राजस्थान और उत्तराखंड में 2,167 स्वयं सहायता समूहों की 25,455 से अधिक महिलाओं को बनाया सशक्त

बढ़ता राजस्थान



**उदयपुर (नि.स.)।** विश्व की सबसे बड़ी जिंक उत्पादक कंपनी हिन्दुस्तान जिंक ने सीएसआर के प्रमुख महिला सशक्तीकरण कार्यक्रम सखी के तहत एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। इस पहल ने राजस्थान और उत्तराखंड की 2,167 स्वयं सहायता समूहों में 25,455 से अधिक ग्रामीण महिलाओं को सशक्त बनाते हुए, कुल 125.71 करोड़ का ऋण उपलब्ध कराया है। सखी फेडरेशन के माध्यम से प्रदान की गयी यह ऋण राशि इन महिलाओं के लिए वित्तीय सशक्तिकरण की आधारशिला बनी है। इस पैसे का उपयोग वे आय-अर्जक गतिविधियों में निवेश करने, छोटे व्यवसायों को बढ़ाने, बच्चों की शिक्षा और घर के बुनियादी ढांचे को सुधारने में कर रही हैं। यह राशि उन्हें अनौपचारिक स्त्रोतों पर निर्भर हुए बिना, जरूरत के समय पर लोन पाने में भी मदद करती है। हिन्दुस्तान जिंक का सखी कार्यक्रम महिलाओं में आर्थिक आत्मनिर्भरता, सामाजिक सशक्तिकरण और नेतृत्व को बढ़ावा देता है। मंजरी फाउंडेशन और चैतन्य ट्रस्ट के साथ साझेदारी में कार्यान्वित, सखी स्वयं सहायता समूहों के गठन और सुदृढ़ीकरण कर महिलाओं को औपचारिक बैंकिंग, बचत और ऋण प्रणालियों तक पहुँच प्रदान करती है। बिजनेस वर्ल्ड द्वारा मान्यता प्राप्त और सोशल इम्पैक्ट लीडर अवार्ड से सम्मानित उनकी उल्लेखनीय यात्रा, अवसर के माध्यम से सशक्तिकरण का एक प्रेरक प्रमाण है। सखी और सूक्ष्म उद्यम कार्यक्रमों के माध्यम से, हिन्दुस्तान जिंक आर्थिक सशक्तिकरण, उद्यमिता और कौशल निर्माण सहित समावेशी विकास का एक पारिस्थितिकी तंत्र निर्मित कर रहा है। सखी उत्पादन समिति के अंतर्गत सूक्ष्म उद्यमों ने 14 उत्पादन इकाइयाँ और 208 स्टोर स्थापित किए हैं, जिससे 231 लाख रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ है । खाद्य पदार्थ के दाइची और वस्त्र के उपाया ब्रांड के माध्यम से ग्रामीण बाजारों के साथ मजबूत संबंध स्थापित हुए हैं। लैंगिक समानता, सभ्य कार्य, आर्थिक विकास और असमानताओं को कम करने पर संयुक्त राष्ट्र सतत विकास लक्ष्यों के अनुरूप, इस पहल ने 200 से अधिक गाँवों में 2,167 स्वयं सहायता समूहों की 25,455 से अधिक महिलाओं को सशक्त बनाया है, ग्रामीण राजस्थान के विकास की कहानी को फिर से परिभाषित किया है और महिलाओं को परिवर्तन और प्रगति के प्रमुख वाहक के रूप में आगे बढ़ाया है।

## नाकोड़ा पार्श्व भैरवनाथ को 30 को धराया जायेगा द्वितीय विशाल छप्पन भोग, होगी भव्य भजन संध्या



बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर (नि.स.)।** सुरेखा लोढ़ा चेरिटेबल ट्रस्ट एवं समस्त पार्श्व भैरव भक्त द्वारा आगामी 30 अक्टूबर को आचार्य चन्द्राननसागर सुरीश्वर महाराज आदि ठाणा एंव सध्वीश्री कल्पिताश्री म.सा. आदि ठाणा की प्रेरणा से श्री कामधेनु पार्श्वनाथ जिनालय, राणाकुई, वल्लभनगर में श्री नाकोडा पार्श्व भैरूनाथ के दरबार में दूसरी बार विशाल छप्पन भोग धराया जायेगा। इस अवसर पर भव्य भजन संध्या का आयोजन भी होगा। ट्रस्ट के हस्तीमल लोढ़ा ने बताया कि पार्श्व भैरव भक्तों के द्वारा श्री पार्श्वनाथ श्री भैरव के चरणों मे दूसरी बार अनेक तरह के व्यंजनों को तैयार कर आकर्षक साज सज्जा के साथ अर्पित किया जाएगा। इस अवसर पर वल्लभनगर जैन मंदिर से उदयपुर बस स्टेंड तक प्रातः10 बजे से भव्य वरघोड़ा निकाला जायेगा। तत्पश्चात 11.30 बजे भगवान को छप्पन भोग धराया जायेगा। जिसके लाभार्थी मंजू बेन संजीव लोढ़ा उदयपुर वाले होंगे। 12 बजे से 1.30 बजे तक भक्ति संध्या का आयोजन होगा। जिसके लाभार्थी किरण बेन दिनेशचन्द्र जैन हिण्डोन सिटी उदयपुर वाले होंगे। तत्पश्चात मोती कृष्ण गोधाम निज मन्दिर में नवकारसी एवं 2 बजे गौतम प्रसादी का आयोजन होगा। जिसके लाभार्थी वल्लभनगर स्थित सुरेखा लोढ़ा चरिटेबल ट्रस्ट होगा। लोढ़ा ने बताया कि उदयपुर से वल्लभगनर आयोजन स्थल पर जाने के लिये हिरणमगरी से. 4 स्थित पेट्रोल पम्प, सेवाश्रम चैहारा,आयड़ जैन मन्दिर एवं हि.म.से. 5 स्थानक से निःशुल्क बस की व्यवस्था की गई है। जिसके लाभार्थी कैलाश बेन गोपाल जैन होंगे। भक्ति संध्या में गायक नाथद्वारा वैभव सोनी एवं टीम अपनी मधुर आवाज में भजनों की स्वर सरिता बिखेरेंगे।

## कलश यात्रा के साथ श्रीराम कथा का हुआ शुभारंभ

बढ़ता राजस्थान

**पावटा (नि.स.)।** बडनगर ज्ञानदास आश्रम मंदिर में शनिवार से श्री राम कथा ज्ञान यज्ञ महोत्सव का शुभारंभ भव्य कलश यात्रा के साथ किया गया। कलश यात्रा बैण्ड बाजे के साथ प्रारम्भ हुई जिसमें सैकड़ों की संख्या में माता - बहिने सिर पर कलश रखकर नाचती गाती हुई चलती रही। गांव में जगह - जगह कलश यात्रा का पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया। कलश यात्रा गांव के मुख्य बाजारों से होते हुए कथा स्थल ज्ञानदास आश्रम पहुँची। जहाँ कथावाचक कथावाचक अतुल महाराज रामायणी मध्य प्रदेश ने कथा का शुभारंभ करते हुए कहा कि जहाँ सत्संग



होता है वहाँ भगवान अवश्य प्रकट होते हैं। कथा वाचक ने कहा की व्यक्ति के जीवन में भावना का होना आवश्यक है और यही भावना वास्तविक भक्ति है। इस दौरान अवसर पर बलदेवदास महाराज, राम रिछपालदस महाराज, सोमेंद्र महाराज, ज्ञानदास महाराज, आयोजक मंगलचंद गर्ग, पवन गर्ग, प्रदीप गर्ग, मनोज मित्तल , विमल गर्ग, गुड्डू मीणा, पूर्व विधायक इंद्राज गुर्जर, पुर्व सरपंच जगन चौधरी, दौलत राम ठीकरिया वाले सहित बडी संख्या में मातृ शक्ति उपस्थित रही। आयोजक मंगलचंद गर्ग ने बताया कि दोपहर 1 बजे से सायं 5 बजे श्रीराम कथा का वाचन किया जाएगा।

**श्री राम कथा के प्रथम दिवस निकली भव्य कलश यात्रा**

# राम कथा मनोरंजन नहीं मनोभंजन का साधन है-साध्वी सुहृदय गिरि

बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद (सुरेश बागोरा)।** रामानुज वाटिका में आयोजित श्री राम कथा के प्रथम दिवस साध्वी सुहृदय गिरि ने कहा कि राम कथा मनोरंजन नहीं, मनोभंजन का साधन है। में सिर्फ कथा ही नहीं, व्यथा भी सुनाने आई हूं। व्यथा इस देश की है इस सृष्टि की है। हमें स्वच्छता को भी अपनाना होगा, गौ माता को पालना होगा। हर उस कार्य को आचरण में लाना होगा जो देश समाज का भला कर सके। साध्वी ने कहा कि पंच तत्वों को संरक्षित करेंगे तो हम स्वयं स्वस्थ रहेंगे। संसार में रहे तो सुंदर कार्य करें और संसार से विदा ले तो खुशी खुशी विदा लें।

**सांसद महिमा कुमारी मेवाड़ ने किया व्यास पूजन**



व्यक्ति अपने कर्मों से नर से नारायण और नर से निकृष्ट भी बन सकता है। हमें परमानंद बनना है या विषया नंद यह हम पर ही निर्भर करता है। सिर्फ पूजा पाठ करना ही भक्ति नहीं, गौ माता को पालना, वृक्ष को संरक्षित करना भी भक्ति के ही रूप है। कथा के प्रारंभ में व्यास पीठ का पूजन राजसमंद सांसद महिमा कुमारी मेवाड़, गिरीश अग्रवाल, रजनी लोधा, गोपाल कृष्ण पालीवाल, चतुर्भुज गट्टाणी ने किया। इसी दौरान व्यास पीठ से साध्वी सुहृदय गिरि ने सांसद महिमा कुमारी को इकलाई ओढ़ाकर आशीर्वाद दिया। व्यास पीठ का चंदन सिंह, गिरिराज मुद्गल, मधुप्रकाश लड्ढा, पुष्पा साहू, शिवलाल खींची, जयेश शर्मा, लिलेश खत्री, प्रहलाद वैष्णव, अयन जोशी, राकेश गौड़, नवनीत लड्ढा, सविता सनाढ्य, पूर्व चेयरमैन दिनेश पालीवाल, ने माल्यार्पण कर स्वागत किया।

**भव्य कलश यात्रा से कथा का आगाज**

श्री राम कथा के पूर्व प्रातः 11.30 बजे विश्वंभर महादेव मंदिर पुरानी कलेक्ट्री से सैकड़ों की संख्या में साध्वी सुहृदय गिरि और स्वामी सत्य श्रवा के सानिध्य में मातृशक्ति ने जयघोष के साथ कलश को शिरोधार्य कर यात्रा का प्रारंभ किया। वहीं श्रीराम चरित मानस की पोथी को गिरीश अग्रवाल ने सिर पर धारण की। कलश यात्रा आवरी माता मंदिर होते हुए रामानुज वाटिका में पहुंच विश्राम लिया। श्री द्वारकाधीश मंदिर के सुमधुर धुनें बिखेरता बैंड देखते ही बनता था। यात्रा के दौरान धर्म ध्वज की पताकाएं लहराती रही। कथा श्रवण के दौरान गिरिजा शंकर पालीवाल, बी एल अजमेरा, अर्जुन लाल लड्ढा, अनुराधा लड्ढा, संजय सनाढ्य सहित सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित थे।

## भक्ति और अन्न का संगमः दादी धाम में रविवार को सजेगा अन्नकूट महोत्सव

### दाल, अनाज, मेवा और मसालों से सजेगा भोग,भक्तों में होगा प्रसाद वितरण

बढ़ता राजस्थान



**ब्यावर (अनिल सिखवाल)।** शहर के अजमेर रोड स्थित श्रीमंदिर दादी धाम में आज रविवार को भव्य अन्नकूट महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। दादी परिवार न्यास के महामंत्री केदार गर्ग ने बताया कि आज दोपहर 4 बजे राजभोग आरती के पश्चात अन्नकूट प्रसाद का वितरण किया जाएगा इस अवसर पर दादीजी के समक्ष दाल, दलहन, तिलहन, अनाज, फल, सब्जियां और सूखे मेवों से घी, तेल व नाना प्रकार के मसालों से निर्मित 'कदम भोग प्रसाद अर्पित किया जाएगा। आरती के बाद यह प्रसाद भक्तों में वितरित किया जाएगा।

अन्नकूट महोत्सव की तैयारियों को लेकर विभिन्न समितियों का गठन किया जा चुका है तथा मंदिर परिसर को सजाने-संवारने का कार्य जोरों पर चल रहा है। श्रद्धालु भक्तगण इस अवसर पर दादीजी के दर्शन एवं भोग प्रसाद का लाभ ले सकेंगे।

## पिछीका परिवर्तन समारोह 27 को

बढ़ता राजस्थान

**नैनवां (नि.स.)।** शांति वीर धर्म स्थल पर वर्षा योग कर रहे दिगंबर संतों का पीछीका परिवर्तन समारोह 27 अक्टूबर दोपहर 11:00 बजे प्रारंभ होगा जिसमें मुनियों को नवीन पिच्छी व शास्त्र भेंट कर पाद पक्षालन किया जायेगा 7 इस दौरान वर्षा योग में सहयोग करने वालो का समिति द्वारा स्वागत सम्मान किया जाएगा ।

**आज होगा अष्टमूल गुण संस्कार समारोह :** रविवार को प्रातः 7.00 बजे महाराज जी द्वारा अष्टमूल गुण के संस्कार भक्तों को दिए जाएंगे जिसमें लगभग 100 से अधिक भक्त भाग लेंगे बिना संस्कार के जैन नहीं करता जैन धर्म के संस्कार अंगीकार करने पर जैन कहलाता है।

चातुर्मास के प्रचार मंत्री महावीर सरावगी ने जानकारी देते हुए बताया 27 अक्टूबर को दोपहर 5.00 बजे मुनि विहार शांति वीर धर्मस्थल से सदर बाजार होते हुए केवट नगर पहुंचेंगे कीरो के झोपड़े रात्रि विश्राम सरकारी स्कूल में होगा । अगले दिन आहार जजावर ग्राम में होगा ।

**धर्म करने वाला मौत से नहीं घबराता :** प्रज्ञानसागर महाराज ने शांति वीर स्थल पर धर्म सभा को बताया कि मनुष्य ने जन्म से लेकर मरण तक इस जीवन में मोह में उलझकर अपना पूरा जीवनी समाप्त कर दिया । मृत्यु से वही व्यक्ति घबराता है जिसने अपने जीवन काल में अनेकों बार पाप किए हैं धर्म की क्रिया की नहीं धर्म करने वाला व्यक्ति मौत से कभी भी नहीं घबराते क्योंकि उसे मौत स्वर्ग लोक तक पहुंचाएगी जिसने धर्म किया है ।

## जिला स्तरीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता का कपासन के तुर्कियाखुर्द ग्राम में समारोहपूर्वक समापन



बढ़ता राजस्थान

**कपासन (नि.स.)।** पंचायत समिति कपासन क्षैत्र के ग्राम तुर्कियाखुर्द में जेकेएस क्लब द्वारा आयोजित जिला स्तरीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता का कांग्रेस जिला अध्यक्ष एवं पंचायत समिति कपासन प्रधान भैरूलाल चौधरी एवं पूर्व सरपंच तुर्कीयाखुर्द बद्रीलाल जाट आदि अतिथियों के सानिध्य में समापन किया गया।यहां जिला वॉलीबॉल संघ चितौड़गढ़ के निर्देशन में आयोजित जिला स्तरीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता में शहीद रूपाजी कृपाजी क्लब जयनगर विजेता एवं अंजुमन क्लब बेंगू की टीम उपविजेता रही।साथ ही प्रतियोगिता समापन समारोह को संबोधित करते हुवे कांग्रेस जिला अध्यक्ष एवं पंचायत समिति कपासन प्रधान भैरूलाल चौधरी द्वारा स्थानीय विद्यालय में पानी की माकूल व्यवस्था हेतु बोरवेल एवं मोटर उपलब्ध कराने की घोषणा की गयी।

इस जिला स्तरीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता के सफल आयोजन हेतु जेकेएस क्लब सदस्य नारायणलाल जाट,सरपंच प्रतिनिधि राधेश्याम राव,जिला वॉलीबॉल संघ संरक्षक लक्ष्मीलाल पोखरना,अध्यक्ष ललित सेठिया,जिला सचिव लाल सिंह डूडी,रामरतन पाटनीया,सेवानिवृत वरिष्ठ शारीरिक शिक्षक एवं यंग स्पोर्ट्स क्लब कपासन के संरक्षक गोपाललाल कोदली,सेवानिवृत शारीरिक शिक्षक नारायणलाल जाट आदि खेलप्रेमी सहयोग के साथ उपस्थित रहे।

## जयपुर में दो बाइक चोर गिरफ्तारःएक महीने बाद पकड़े गए दोनों बदमाश

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** जयपुर के मानसरोवर थाना पुलिस ने दो शातिर वाहन चोरों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों से चोरी की बाइक भी बरामद की गई है। बदमाशों ने पूछताछ में बताया कि वह पूर्व में भी कई बाइक चोरी की वारदात को अंजाम दे चुके हैं।

डीसीपी साउथ राजर्षि राज ने बताया- 29 सितम्बर को पीड़ित कुलदीप सिंह चौधरी (30) ने एक रिपोर्ट दी। इसमें पीड़ित ने बताया- वह 25 सितम्बर को अपने पिता के साथ मॉर्निंग वॉक पर गया था। बाइक को स्टोन पार्क बी-2 बाईपास रोड एसएफएस. कॉलोनी मानसरोवर जयपुर पर खड़ी की थी। जब हम वॉक से वापस आऐ तो देखा की मोटर साईकिल नहीं थी। बाइक को अज्ञात व्यक्ति चोरी कर के ले गए थे। घटना सुबह 6.45 की है जिस के बाद बाइक को कई जगह पर सर्च किया। लेकिन वह नहीं मिली। इस पर पुलिस कंट्रोल को घटना की जानकारी दी गई।

## काशीपुरी श्री श्याम मंदिर में अन्नकूट महोत्सव का आयोजन 26 को

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाडा (अमित शर्मा)।** श्री श्याम सेवा समिति, काशीपुरी धाम के तत्वावधान में इस वर्ष भी बड़े हर्षोल्लास के साथ अन्नकूट महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन रविवार, 26 अक्टूबर 2025 को काशीपुरी धाम स्थित श्री श्याम मंदिर प्रांगण में संपन्न होगा। समिति अध्यक्ष सुरेश पौधार ने बताया कि कार्यक्रम की तैयारियां जोरों पर हैं। भक्तों के लिए अन्नकूट प्रसाद वितरण शाम 5.30 बजे से प्रारंभ होगा, जिसके बाद महाआरती शाम 6.30 बजे आयोजित की जाएगी। श्री श्याम सेवा समिति के सभी कार्यकर्ता भक्तिभाव से कार्यक्रम की तैयारी में जुटे हुए हैं। आयोजन स्थल पर भक्तों के लिए विशेष व्यवस्था की जाएगी ताकि सभी श्रद्धालु सुगमता से दर्शन और प्रसाद का लाभ ले सकें।

### गली-गली में नशा बेचने वालों पर भवानीमंडी पुलिस का स्पाई कैमरा अभियान

# अवैध मादक पदार्थ के साथ 2 आरोपियों को भवानीमंडी पुलिस ने किया गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

**भवानीमंडी (अब्दुल सलीम मंसूरी)।** जिला पुलिस अधीक्षक अमित कुमार ने बताया कि संगठित अपराध, अवैध मादक पदार्थ तस्कारों के विरूद्व जिला स्तर पर विशेष अभियान चलाया जा रहा है जिसमें अवैध मादक पदार्थो के खरीद फरोख्त, अवैध मादक पदार्थो का परिवहन, अवैध मादक पदार्थों का निर्माण व अवैध मादक पदार्थो की खपत के संगठित अपराध से संबधित अवैध कार्यो में संलिप्त अपराधियो के। विरूद्व जिला स्पेशल टीम व जिले के समस्त थानाधिकारीयों को थाना स्तर पर विशेष टीमों का गठन कर प्रभावी कार्यवाही किये जाने बाबत निर्देशित किया हुआ है।



थानाधिकारी पुलिस थाना भवानीमंडी को सुचना प्राप्त हुई कि कुछ व्यक्ति वाणिज्यिक मात्रा में मादक पदार्थे खरीद कर अपने कब्जे में रखते है तथा उक्त मादक पदार्थो की छोटी-छोटी पुडिया बनाकर स्वयं अथवा परिवार के सदस्यो के साथ मिलकर भिन्न-भिन्न स्थानों पर विभिन्न लोगो को बेचान करते है मुखबीर द्वारा सबुत के तौर पर मादक पदार्थ की खरीद के सबंध में की गयी विडियो रिकार्डिंग पेश की। जिस पर उक्त प्राप्त आसुचना की पुष्टि हुई है। अवैध मादक पदार्थ तस्करों पर प्रभावी कार्यवाही करने के उद्देश्य से चिंरजीलाल मीणा अतिरिक्त पुलिस। अधीक्षक झालावाड के निर्देशन एवं श्री प्रेमकुमार आरपीएस वृताधिकारी वृत भवानीमंडी के निकटतम सुपरविजन में रमेशचंद मीणा पु.नि. थानाधिकारी थाना भवानीमंडी के नेतृत्व में टीम का गठन किया जाकर 1 ग्राम 24 मिलीग्राम अवैध मादक पदार्थ स्टैंक के साथ दो आरोपी इम्तियाज व गुड्डु उर्फ फिरोज निवासीगण कंगलीपुरा भवानीमंडी को गिरफतार करने में सफलता अर्जित की है।

एनडीपीएस एक्ट की धारा 30 के अनुसार वाणिज्यिक मात्रा मे मादक पदार्थो से सम्बन्धित अपराधिक गतिविधियो मे सम्मिलित होने की तैयारी करने का षडयंत्र करने पर दण्ड का प्रावधान है। उक्त प्रकरणो से पूर्व पुलिस थाना कामखेडा, पुलिस थाना झालरापाटन, पुलिस थाना कोतवाली, पुलिस थाना डग व पुलिस थाना पिडावा द्वारा एनडीपीएस एक्ट की धारा 30 के तहत कार्यवाही की जा चुकी है।

## समस्त व्रतों के राजा श्री मंशापूर्ण महादेव व्रत का श्रद्धालुओं ने उद्यापन कर विधिवत किया समापन

### कपासन के प्रसिद्ध शिवालय पर आज भव्य रुद्राभिषेक एवं डेढ़ क्विंटल अन्नकूट प्रसाद होगा वितरित

बढ़ता राजस्थान

**कपासन (नि.स.)।** नगर में स्थित प्रसिद्ध शिवालय श्री सोमेश्वर महादेव मंदिर पर शनिवार को भक्तों एवं श्रद्धालुओं द्वारा श्री मंशापूर्ण महादेव व्रत का उद्यापन के साथ विधिवत समापन किया गया।



जानकारी अनुसार श्रावण शुक्ल चौथ के साथ प्रारंभ श्री मंशापूर्ण महादेव व्रत का क्षैत्र में कार्तिक शुक्ल चौथ शनिवार को विधिवत समापन किया गया।जिसके अंतर्गत कपासन नगर में स्थित प्रसिद्ध शिवालय श्री सोमेश्वर महादेव मंदिर पर शनिवार अलसुबह से शिवजी की पूजा-अर्चना एवं आराधना हेतु श्री मंशापूर्ण महादेव व्रतधारियों का हुजूम लगना शुरू हो गया।

इस दौरान व्रतधारी श्रद्धालुओं द्वारा कंकू,सुपारी,ऋतु फल,पंच मेवा, पान,बिल्व पत्र ,दूध,पंचामृत,इतर,फूल,माला,अगरबत्ती इत्यादि पूजन सामग्री अर्पित कर श्री सोमेश्वर महादेव की पूजा-अर्चना एवं आराधना कर शिवशंभू का आशीष लिया गया।इसके उपरांत मंदिर परिसर में व्रतधारियों द्वारा सामूहिक रूप में श्री मंशापूर्ण महादेव की कथा का श्रवण किया गया।साथ ही श्री मंशापूर्ण महादेव व्रत उद्यापन की विधिनुसार समस्त व्रतधारियों द्वारा सवा चार किलो गेहूं का आटा,सवा किलो देशी घी एवं सवा किलो गुड़ से निर्मित चूरमे का श्री मंशापूर्ण महादेव को भोग धराया गया।जिसमे प्रति व्रतधारी द्वारा अपने चूरमे के प्रसाद को चार भागों में बांटा जाता है।जिसे शिवजी,गौमाता,क्रीड़ा करते नन्हे बच्चों तथा प्रसाद का एक भाग स्वयं हेतु रखा जाता है।उक्त प्रसाद को रात्रि तक नहीं रख भक्तों में वितरण किया जाता है।

उल्लेखनीय है कि श्री मंशापूर्ण महादेव व्रत को समस्त व्रतों का राजा माना जाता है।जो श्रावण शुक्ल चौथ से शुरू एवं कार्तिक शुक्ल चौथ को उद्यापन के साथ समापन होता है।श्रद्धालुओं द्वारा चार साल एवं इससे आगे 16 सालों तक श्री मंशापूर्ण महादेव व्रत किया जाता है।इधर श्री सोमेश्वर महादेव मंदिर पर श्री मंशापूर्ण महादेव व्रत कार्यक्रम प्रभारी कन्हैयालाल सोनी ने दैनिक बढ़ता राजस्थान के कपासन प्रतिनिधि को साक्षात्कार में बताया कि रविवार सुबह श्री मंशापूर्ण महादेव व्रतधारियों के संयुक्त तत्वावधान में श्री सोमेश्वर महादेव मंदिर पर विधि-विधान एवं मंत्रोच्चार के साथ भव्य रुद्राभिषेक एवं सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया जायेगा।इसके बाद सांयकाल श्री सोमेश्वर महादेव को आकर्षक श्रृंगार कराकर पूजा-अर्चना एवं महाआरती होगी।साथ ही डेढ़ क्विंटल बेसन से निर्मित अन्नकूट प्रसाद का शिवजी को भोग धराकर भक्तों एवं श्रद्धालुओं में वितरित किया जायेगा।

### ब्यावर यातायात पुलिस का बड़ा एक्शन

## बेतरतीब ऑटो चालकों पर गिरी सख्ती की गाज

### 50 से अधिक ई-ऑटो जब्त, अब न्यायालय से ही छूटेगा वाहन, वर्दी और नाम पट्टी होगी अनिवार्य



बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर(अनिल सिखवाल)।** शहर की अव्यवस्थित यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए ब्यावर यातायात पुलिस ने शनिवार को बड़ा अभियान चलाया।

मुख्य बाजार, रेलवे स्टेशन रोड और बस स्टैंड क्षेत्र में बेतरतीब तरीके से खड़े ऑटो चालकों पर पुलिस ने सख्त शिकंजा कसते हुए 50 से अधिक ईवी ऑटो जब्त कर लिए।सभी वाहनों को सिटी थाने में खड़ा कराया गया और यह कार्रवाई 207 एमवी एक्ट के तहत की गई। पुलिस ने ऑटो चालकों को वर्दी पहनना और नाम पट्टी लगाना अनिवार्य बताते हुए सख्त चेतावनी दी कि अब नियमों की अवहेलना बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

यह सख्त कार्रवाई एसपी रतन सिंह राठौड़ के निर्देशन में, एएसपी भूपेंद्र शर्मा और सीओ राजेश कसाना की देखरेख में की गई। अभियान का नेतृत्व ट्रैफिक इंचार्ज पूनमचंद बिश्नोई ने किया, जबकि हेड कांस्टेबल मेजर मंगलचंद, राजेंद्र सिंह, सुरेंद्र सिंह और शंभू सिंह सहित यातायात पुलिसकर्मी इसमें शामिल रहे।

## श्रमण संघ कपासन ने साध्वियों के सानिध्य में मुमुक्षु बहनों का किया अभिनंदन



बढ़ता राजस्थान

**कपासन (नि.स.)।** साधुमार्गी जैन संघ के आचार्य 1008 रामलाल म.सा के निश्राय मे आगामी 3 नवम्बर को दिक्षा लेने जा रही मुमुक्षु बहन अपेक्षा सुराणा,मुमुक्षु बहन रिया सुराणा चित्तौड़गढ सहित आगामी 8 दिसम्बर को मुमुक्षु बहन आकांक्षा पोखरना भूपालसागर संयम पंथ की ओर बढ़ रही है।जो शनिवार को कपासन नगर अंबेश भवन मे विराजीत शासन प्रभाविका कंचन कंवर म.सा.,साध्वी डॉ. सुलोचना म. सा. एवं डॉ. सुलक्षणा म.सा. के चरणों में आर्शीवाद लेने आये।साथ ही स्थानीय श्रमण संघ द्वारा अंबेश भवन में मुमुक्षु बहनों को दुप्पटा ओढ़ाकर गोद भराई रस्म की गयी।

श्रमण संघ कपासन अध्यक्ष सूर्यप्रकाश सिरोया ने बताया कि मुमुक्षु बहनों द्वारा भौतिक सुखो का त्याग कर इस कठोर मार्ग की अनुमोदना की गयी।साथ ही संयम पथ ग्रहण व उज्जवल भविष्य हेतु शुभकामनाएं दी गयी।इस अवसर पर शंकरलाल लोढा,अनील बाघमार, निर्मल बापना,प्रकाश चण्डालिया, हेमंत सिरोया,रूपलाल डांगी,अशोक बापना,प्रकाश आंचलिया,राजेश खाब्या,महिला मण्डल सदस्य प्रिंयका दुग्गड़, पूर्व नपा पार्षद सुनिता सांवला आदि उपस्थित रहे।

### पूर्व छात्र सम्मेलन 2025 : विद्या मंदिर में उमड़ा आत्मीयता और स्मृतियों का सागर

## अनुशासन और संस्कार ही सफलता की नींव : मुख्य अतिथि श्वेता जनागल

बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर (अनिल सिखवाल)।** शहर के उदयपुर रोड स्थित आदर्श विद्या मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय के सभागार में आयोजित पूर्व छात्र सम्मेलन 2025 हर्षोल्लास, उत्सव और आत्मीयता के माहौल में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में पुराने विद्यार्थियों ने अपने विद्यालय जीवन की यादें ताज़ा कीं और गुरुजनों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की। कार्यक्रम का शुभारंभ कार्यक्रम अध्यक्ष मुकेश कुमार साहू, मुख्य अतिथि श्वेता जनागल, विशिष्ट अतिथि समीर राजपुरोहित, मनोज कुमार टेलर (जिला मंत्री, विद्या भारती संस्थान अजमेर), रमेश चंद्र भरडिया (अध्यक्ष, विद्यालय प्रबंध समिति) तथा गोविंद कुमार सेन (उपाध्यक्ष, विद्यालय प्रबंध समिति) द्वारा दीप प्रज्वलन और मां सरस्वती की वंदना के साथ किया गया।



प्रधानाचार्य नवीन कुमार सैनी ने अतिथियों का स्वागत करते हुए विद्या भारती संस्थान की कार्यप्रणाली और उपलब्धियों की जानकारी दी।

मुख्य अतिथि श्वेता जनागल ने अपने भावनात्मक संबोधन में कहा मेरी प्रतियोगी परीक्षाओं और जीवन की सफलता का आधार विद्या मंदिर का अनुशासन, संस्कारमय वातावरण और शिक्षकों का मार्गदर्शन रहा है।

विशिष्ट अतिथि समीर राजपुरोहित ने कहा कि विद्यालय ने उनमें अनुशासन, संस्कार और राष्ट्रीय भावना का बीजारोपण किया, जिसका प्रभाव आज भी उनके व्यक्तिगत और सामाजिक जीवन में परिलक्षित होता है।

मनोज कुमार टेलर (जिला मंत्री, विद्या भारती संस्थान, अजमेर) ने कहा कि विद्यालय के पूर्व छात्र आज समाज के विभिन्न क्षेत्रों में अपनी उल्लेखनीय भूमिका निभा रहे हैं यही संस्था की सच्ची सफलता है पूर्व छात्र परिषद के अध्यक्ष विश्वास शर्मा ने मंच संचालन करते हुए अपने अनुभव साझा किए और पुराने साथियों के साथ विद्यालय में बिताए सुनहरे पलों का स्मरण किया कार्यक्रम के अंत में रमेश चंद्र भरडिया ने सभी का आभार व्यक्त किया।

कार्यक्रम के सफल संचालन में ममता शर्मा (प्राथमिक प्रभारी), राधा किशन मिश्रा, रेखा टांक और सीमा सोलंकी का महत्वपूर्ण योगदान रहा ।

### नहाय-खाय के साथ चार दिवसीय छठ महापर्व का हुआ भव्य आगाज

# भीलवाड़ा की सांस्कृतिक पहचान बन चुका है छठ पर्वः महंत मोहन शरण शास्त्री

### 8 को देंगे उगते सूर्य को अर्घ्य, सांस्कृतिक संध्या में होगी ख्यात कलाकारों की प्रस्तुतियां

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाडा (अमित शर्मा)।** लोक आस्था, श्रद्धा और सूर्योपासना का चार दिवसीय छठ महापर्व शनिवार को नहाय-खाय के साथ आरंभ हो गया है। स्वच्छता, संयम और श्रद्धा का यह पर्व 28 अक्टूबर तक पूर्वांचल जनचेतना सेवा समिति के तत्वावधान में भक्ति और उल्लास के वातावरण में मनाया जाएगा।



समिति द्वारा आयोजित पत्रकार वार्ता में बताया गया कि पहले दिन 25 अक्टूबर को नहाय-खाय, दूसरे दिन 26 अक्टूबर को खरना, तीसरे दिन 27 अक्टूबर को डूबते सूर्य को अर्घ्य, और अंतिम दिन 28 अक्टूबर को उगते सूर्य को अर्घ्य देकर यह महापर्व संपन्न होगा। खरना के बाद से व्रती पुरुष एवं महिलाएं लगभग 36 घंटे तक निर्जला उपवास रखकर माता छठ की आराधना करते हैं। पूर्वांचल जनचेतना सेवा समिति द्वारा इस वर्ष भी छठ पर्व का आयोजन मानसरोवर झील एवं पांसल चौराहे स्थित वाटर वर्क्स परिसर में भव्य रूप से किया जाएगा। समिति के अनुसार दोनों स्थलों पर लगभग 15,000 से अधिक श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है। पूजा स्थल पर सुरक्षा, स्वच्छता, प्रकाश और श्रद्धालुओं की सुविधा के विशेष इंतजाम किए गए हैं। मानसरोवर झील परिसर में सांस्कृतिक संध्या का आयोजन होगा, जिसमें देशभर के प्रसिद्ध कलाकार अपनी प्रस्तुतियाँ देंगे। वृंदावन और मथुरा से आए कलाकारों द्वारा झांकियां भी प्रस्तुत की जाएंगी। समिति के मीडिया प्रभारी विक्रम झा ने बताया कि श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए सुरक्षा, स्वच्छता और प्रकाश व्यवस्था के सख्त प्रबंध किए गए हैं।

प्रशासन और समिति के सदस्य लगातार स्थलों का निरीक्षण कर व्यवस्था सुनिश्चित कर रहे हैं। समिति संरक्षक न्बार्क आश्रम के महंत मोहन शरण शास्त्री महाराज ने बताया कि यह पर्व अब भीलवाड़ा की सांस्कृतिक पहचान बन चुका है। समिति का उद्देश्य व्रतधारी महिलाओं और श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए हर वर्ष बेहतर व्यवस्थाएँ की जाती हैं। समिति अध्यक्ष अरुण राय ने शहरवासियों से अपील की है कि सभी श्रद्धालु अनुशासन, स्वच्छता और एकता के साथ इस पावन पर्व में स्मिलित होकर आस्था की इस परंपरा को आगे बढ़ाएँ। इस अवसर पर समिति के संरक्षक विजयानंद झा, अशोक सिंह, सचिव ओमप्रकाश सिंह, कोषाध्यक्ष कृष्णा महतो, दिनेश सरनी, रोशन सिंह और सुरेश चंद्रवंशी सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## स्कूली बच्चों को दिया तनाव से मुक्ति का प्रशिक्षण



बढ़ता राजस्थान

**डीग (नि.स.)।** किरन कॉनवेंट पब्लिक स्कूल में विद्यार्थीयो को मेमोरी एवं ब्रेन डेवलपमेंट के अभ्यास के समय के साथ तनाव मुक्ति का प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया जिसमें हरफुलनेस संस्था से प्रशिक्षण प्राप्त कामेश्वर गोस्वामी तथा ब्राइटर माइंड्स की छात्रा प्रकृति गोस्वामी द्वारा विद्यालय के छात्र-छात्राओं को लेफ्ट एंड राइट ब्रेन के डेवलपमेंट के ब्राइटर माइंड्स के अभ्यास करवाए गए। सभी विद्यार्थियों को रिलैक्सेशन एवं इंस्टीट्यूशन डेवलपमेंट की एक्सरसाइज कार्रवाई। प्रशिक्षण के दौरान प्रशिक्षकों द्वारा बच्चों को अध्ययन की महत्वपूर्ण जिज्ञासाओं को कहानी के माध्यम से समझाया गया। प्रशिक्षकों ने बताया कि आजकल शिक्षा में बढ़ते कंपटीशन लेकर बच्चों में तनाव रहने की गंभीर की शिकायते है , बढ़ते कंपटीशन के चलते बच्चों में इसके साइड इफेक्ट गुस्सा, चिड़चिड़ापन , यहां तक की आत्मघाती कदम भी उठाये जाने की खबरें देखने में आ रही है ।

कंपटीशन के युग मे छात्रों को स्वयं के प्रबंधन के साथ-साथ अपनी पढ़ाई, माता-पिता की महत्वाकांक्षा एवं साथी दोस्तों के व्यवहार का प्रबंध चुनौती पूर्ण लगने लगा है। जिससे विद्यार्थी तनाव और निराशा का अनुभव करते हैं। ऐसी चुनौती पूर्ण परिस्थितियों में हार्टफुलनेस - रिलैक्सेशन एवं ब्राइट माइंड्स के अभ्यास छात्रों को रिलैक्स होने, एकाग्र होने तथा अपने जीवन प्रबंधन का आसान और प्रभावी उपाय बताते हैं ।भरतपुर शहर में भी जल्द ब्राइट माइंड्स का प्रोग्राम शुरू होने जा रहा है। विद्यालय व्यवस्थापक कृष्ण बल्लभ शर्मा ने सभी बच्चों को योग का अभ्यास कराया ।

## अवैध खनन पर पुलिस की कार्रवाई, दो ट्रैक्टर-ट्रॉलियां जब्त, चालक गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर (घनश्याम अवस्थी)।** बयाना क्षेत्र में अवैध खनन पर शिकंजा कसते हुए गढ़ीबाजना थाना पुलिस ने शनिवार शाम बड़ी कार्रवाई की। पुलिस ने वन क्षेत्र से अवैध रूप से खनन किए गए पत्थरों से भरी दो ट्रैक्टर-ट्रॉलियां जब्त की हैं। इस दौरान दोनों ट्रैक्टर चालकों को भी मौके से गिरफ्तार कर लिया गया।

गिरफ्तार आरोपियों की पहचान गांव पूंठपुरा निवासी दिनेश गुर्जर (45) पुत्र इंदर गुर्जर और गांव थानाडांग निवासी माधव गुर्जर (32) पुत्र केदार गुर्जर के रूप में हुई है। गढ़ीबाजना थाना प्रभारी पृथ्वी सिंह ने बताया कि कार्रवाई जिला पुलिस अधीक्षक दिगंत आनंद के निर्देशन में चल रहे 'ऑपरेशन अरावली' के तहत की गई। शनिवार को पुलिस टीम बदनगढ़ी तिराहे पर नाकाबंदी और वाहन चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान वन क्षेत्र की ओर से दो ट्रैक्टर-ट्रॉलियां आती दिखाई दीं।

पुलिस को देखकर चालक भागने लगे, लेकिन टीम ने पीछा कर दोनों को पकड़ लिया। जब वाहनों में भरे पत्थरों से संबंधित दस्तावेज मांगे गए, तो चालक कोई प्रमाण प्रस्तुत नहीं कर सके। प्राथमिक जांच में यह मामला वन क्षेत्र में अवैध खनन और पत्थर चोरी का पाया गया। पुलिस ने दोनों चालकों को गिरफ्तार कर ट्रैक्टर-ट्रॉलियों को जब्त किया है। अधिकारियों ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी गई है ।पुलिस का कहना है कि अरावली क्षेत्र में अवैध खनन पर रोक लगाने के लिए अभियान लगातार जारी रहेगा।

## तीर्थराज मचकुंड में लोगों ने शादी कार्ड तस्वीर व फूल माला डाल बिगाड़ी फिजां



बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर (राजू शर्मा)।** इस दीपावली पर सभी तीर्थों के भांजा मचकुंड को आस्था के नाम पर गंदगी का तोहफा शहरवासियों ने दिया है। दीपावली से पहले जो सरोवर साफ था, वहां अब गंदगी पसरी है।

तीर्थराज मचकुंड में दीवाली पूजा की सामग्री से लेकर घर की पुरानी तस्वीरें, शादी के कार्ड, फूलमाला, हवन सामग्री, कलेंडर, कलश इत्यादि पूजा की सामग्री जो घर से निकलीं, उसे सरोवर में बहाया गया, इससे पूरा सरोवर गंदगी से अट गया है। मचकुंड की फिज़ां बदरंग बेनूर कर दी है। संत मचकुंड के संत शिवानंद महाराज ने शहरवासियों से अपील रखी है कि घर की पूजा सामग्री इत्यादि वस्तुएं सरोवर में न बहाएं, प्रकृति की इस खूबसूरत धरोहर को आस्था के नाम पर बदरंग करना बंद करें। धार्मिक भावनाएं आहतः- महंत कृष्णदास कहते हैं कि मचकुंड में जब तक आस्था के नाम पर पूजन सामग्री डालना बंद नहीं होगा, तब तक सरोवर गंदा बना रहेगा। मचकुंड सरोवर निहारने व स्नान के लिए प्रति दिन देश-विदेश से श्रद्धालु आते हैं। वे इस सरोवर की इस गंदगी तस्वीर को देखकर अफसोस जताते हैं।

## विधायक डॉ. गर्ग दो दिवसीय दौरे पर पहुंचे भरतपुर, कई कार्यक्रमों में की शिरकत



बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर (घनश्याम अवस्थी)।** पूर्व मंत्री व भरतपुर विधायक डॉ सुभाष गर्ग शनिवार को दो दिवसीय दौरे पर भरतपुर पहुंचे। जहां उन्होंने विभिन्न सामाजिक कार्यक्रमों में भाग लिया। विधायक डॉ. गर्ग ने दौरे के प्रथम दिन शनिवार को शहनाई मैरिज होम में भुसावरी अग्र परिवार की ओर से आयोजित कीर्तन एवं अन्नकूट महोत्सव में भाग लेकर अन्नकूट प्रसादी ग्रहण की। इस दौरान डॉ. गर्ग का भुसावरी अग्र परिवार के प्रबंधकारिणी कमेटी की ओर से पटका, माला पहनाकर स्वागत किया। डॉ. गर्ग ने दौरे के दौरान रणजीत नगर कार्यालय पर जनसुनवाई कर सम्बन्धित अधिकारियों की लोगों की समस्याओं का समाधान कराने के निर्देश दिये।

### अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ के प्रदेशध्यक्ष महावीर शर्मा आये धौलपुर

# तृतीय श्रेणी शिक्षकों सहित सभी कार्मिकों के पारदर्शी नीति के आधार पर स्थानांतरण और लंबित पदोन्नति शुरू की जाएं

बढ़ता राजस्थान



**बाड़ी (राजू शर्मा)।** अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष महावीर शर्मा एक दिवसीय प्रवास पर धौलपुर पहुंचे। उनके साथ ग्राम विकास अधिकारी संघ के प्रदेश महामंत्री शिवराज चौधरी , उपाध्यक्ष प्रहलाद जाट ,कोषाध्यक्ष बाबूलाल धावई ,नेम सिंह मीणा सहित भरतपुर एवं करौली के जिला अध्यक्ष आए। प्रदेश अध्यक्ष एवं उनकी टीम का महासंघ के जिलाध्यक्ष राजेश शर्मा व हरी सिँह गुर्जर, श्रीभान सिँह गुर्जर सहित जिले के कर्मचारी नेताओं ने पटका पहनाकर स्वागत किया। राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष महावीर शर्मा ने

### जिले के कर्मचारी नेताओं से संवाद करते हुए कहा कि सभी विभागों में

राजनैतिक आधार पर किसी कार्मिक का तबादला न होकर पारदर्शी स्थानांतरण नीति लागू की जाए ।प्रतिवर्ष तृतीय श्रेणी शिक्षकों सहित सभी के स्थानांतरण हों,कर्मचारियों को समयबद्ध पदोन्नति मिले यही उनकी प्राथमिकता है ।प्रदेश अध्यक्ष शर्मा ने कहा कि सरकार की कर्मचारी विरोधी नीतियों एवं कर्मचारियों के प्रशासनिक एवं वित्तीय हितों की लगातार की जा रही उपेक्षा के विरोध में अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ की ओर से चलाये जा रहे चरणबद्ध आंदोलन के तहत
5 नवंबर से पूरे राज्य में महासंघ के प्रांतीय कार्यालय से संघर्ष चेतना यात्रा शुरु की जाएंगी । प्रांतीय नेताओं का एक दल यात्रा के प्रथम चरण मेंदोसा,अलवर ,डीग ,भरतपुर ,धौलपुर ,करौली ,गंगापुर सिटी ,सवाई माधोपुर पहुंचेगा । जबकि यात्रा द्वितीय दल 5 नवंबर से ही सीकर, झुंझुनू ,चूरू, हनुमानगढ़ ,श्रीगंगानगर ,सूरतगढ़ ,बीकानेर ,नागौर ,कुचामन सिटी पहुंचकर कर्मचारियों को राज्य व्यापारी आंदोलन के लिए जागृत किया जाएगा।
महासंघ के प्रदेश कोषाध्यक्ष प्रहलाद जाट ने कहा कि पिछले दिनों कुछ स्वायत्त स्वायत्त शासी संस्थानों में ओपीएस की जगह एनपीएस लागू कर कर्मचारियों की पुरानी पेंशन छीनने का षड्यंत्र रचा जा रहा है इसलिए पेंशन सुरक्षित रहे कर्मचारियों को जाग्रत रहने की ज़रूरत है। ग्राम विकास अधिकारी संघ के प्रदेश महामंत्री शिवराज चौधरी ने कहा कि सभी विभागों के कार्मिकों की 11 सूत्रीय मांगों को लेकर राज्य व्यापी आंदोलन चलाया जा रहा है ।महासंघ ने सरकार से राज्य कर्मचारियों को 7,14, 21,28 एवं 32 वर्ष की सेवा पर पदोन्नति पद का वेतनमान स्वीकृत करने तथा पीएफआरडीए अधिनियम को निरस्त करते हुए राज्य कर्मचारियों के एनपीएस के 53 हजार करोड रुपए जीएफ खातों में जमा कराये जाने की मांग की है । इस मौके पर जिलाध्यक्ष हरीसिंह गुर्जर,ग्राम विकास अधिकारी संघ के जिलाध्यक्ष श्रीभानसिंह गुर्जर, जिला मंत्री सुशील भारद्वाज, कर्मचारी नेता जितेंद्र शर्मा ,श्याम सिंह ,भवानी सिंह, नरेंद्र श्रीवास्तव ,विनय शर्मा,वीरेंद्र राजावत, भारतेंदु राणा ,राहुल शर्मा ,सद्दाम खान आदि मौजूद रहे।

## डीग पुलिस का साइबर ठगों पर वज्र प्रहार, गांव भीलमका से 22 साइबर ठग गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान



**डीग (नि.स.)।** एस पी ओमप्रकाश मीणा के निर्देशन में साइबर अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत डीग थाना क्षेत्र के गांव भीलमका एवं आसपास के क्षेत्रों में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 22 साइबर ठगों को गिरफ्तार कर 8 विधि से संघर्षरत किशोरों को निरुद्ध किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 28 मोबाइल फोन, सिम कार्ड, एटीएम कार्ड, एवं अन्य अवैध सामग्री के साथ 4 ट्रैक्टर, 2 बोलेरो वाहन, 1 जेसीबी मशीन और 1 मोटरसाइकिल को जब्त किया है। अचानक हुई इस पुलिस की कार्यवाही से पूरे गांव में हडकंप मच गया।

एस पी ओम प्रकाश मीणा ने बताया है कि इस कार्रवाई का मुख्य उद्देश्य डीग जिले में बढ़ते साइबर अपराध पर अंकुश लगाना तथा क्षेत्र में सक्रिय ठगों के नेटवर्क को तोडना है। उन्होंने बताया कि जिले में ऑनलाइन ठगी, फर्जी बैंक कॉल और सोशल मीडिया फ्रॉड की शिकायतें लगातार प्राप्त हो रही थीं। जिस पर पुलिस ने तकनीकी विश्लेषण और मोबाइल सर्विलांस के माध्यम से ठगों के सक्रिय नेटवर्क की पहचान कर सुनियोजित ढंग से यह कार्रवाई की है।

पुलिस की इस कार्रवाई में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डीग अखलेश शर्मा , उप अधीक्षक पुलिस (साइबर) कृष्ण कुमार, उप अधीक्षक पुलिस वृत नगर मनोज कुमार गुप्ता, उप अधीक्षक पुलिस कामां धर्मराज चौधरी, थानाधिकारी कोतवाली डीग विजय कुमार मीणा, थानाधिकारी नगर राम भरोसी मीणा, थानाधिकारी कामां ताराचंद शर्मा, थानाधिकारी कुम्हेर जितेंद्र सिंह, थानाधिकारी खोह विशंभर सिंह सहित जिले के अन्य पुलिस अधिकारी एवं जवान शामिल रहे। एस पी मीणा का कहना है कि गिरफ्तार किए गए सभी आरोपियों से गहन पूछताछ की जा रही है। पुलिस जब्त किए गए वाहनों एवं मशीनों की खरीद के वित्तीय स्रोतों की जांच भी कर रही है। आरोपियों के अंतरराज्यीय नेटवर्क एवं ठगी के तरीकों का खुलासा करने के लिए विस्तृत जांच की जा रही है। साइबर ठगो के खिलाफ पुलिस का यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।

थाना कोतवाली प्रभारी विजय सिंह मीणा ने आम नागरिकों से अपील की है कि यदि कोई संदिग्ध कॉल, लिंक या ऑनलाइन ठगी की घटना सामने आए तो तुरंत साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 या नजदीकी पुलिस थाने पर संपर्क करें।

## पूर्व मंत्री बनवारीलाल शर्मा की पुण्यतिथि पर 211 यूनिट रक्तदान: धौलपुर में श्रद्धांजलि सभा

### रक्तदाताओं की संख्या रही उम्मीद से भी अधिक



बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर (राजू शर्मा)।** धौलपुर में शुक्रवार को पूर्व मंत्री बनवारीलाल शर्मा की प्रथम पुण्यतिथि मनाई गई। मचकुंड रोड स्थित परशुराम धर्मशाला में सर्वसमाज की ओर से श्रद्धांजलि सभा और रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। बनवारीलाल शर्मा पूर्वी राजस्थान के कद्दावर नेता और धौलपुर से पांच बार विधायक रहे थे। पुण्यतिथि के अवसर पर आयोजित रक्तदान शिविर में जिलेभर के रक्तदाताओं ने बढ़-चढक़र हिस्सा लिया। जिला ब्लड बैंक प्रभारी मुकेश शर्मा के अनुसार, रक्तदाताओं की संख्या उम्मीद से कहीं अधिक थी, जिसके कारण शिविर सुबह 9 बजे ही शुरू करना पड़ा। ब्लड बैंक में रक्त संरक्षण की सीमित क्षमता के चलते 211 यूनिट रक्तदान के बाद शिविर बंद कर दिया गया। शर्मा ने बताया कि कई रक्तदाताओं को सीमित क्षमता के कारण मायूस लौटना पड़ा, लेकिन वे ब्लड बैंक में आकर कभी भी रक्तदान कर सकते हैं। दोपहर 2 से 3 बजे तक चली श्रद्धांजलि सभा में जिले के गणमान्य लोगों सहित बड़ी संख्या में सर्वसमाज के लोग शामिल हुए। विभिन्न वक्ताओं ने बनवारीलाल शर्मा के व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डाला और उनके जीवन से जुड़े संस्मरण साझा किए। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष राजवीर राजावत, पूर्व विधायक अब्दुल सगीर खान, पूर्व विधायक मनोरमा सिंह, पूर्व जिला प्रमुख किशन चंद शर्मा, पूर्व मंत्री जगमोहन बघेल, भाजपा नेता विवेक बोहरा, डॉ. शिवचरण कुशवाह, रीतेश शर्मा, लाखन सिंह खिड़ौरा, मोनू जादोन, दुर्गादत्त शास्त्री, सतेन्द्र पाराशर, केदार पोसवाल, जयवीर, पवन चंसोरिया, पवन उपाध्याय, पंकज शर्मा जगन, सुमित शर्मा जगन, समर्थ शर्मा जगन और दुष्यंत शर्मा जगन सहित अन्य सर्वसमाज के गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## गंभीर नदी पर पुलिया क्षतिग्रस्त, डांग क्षेत्र के दो दर्जन गांवों की टूटी जीवनरेखा



बढ़ता राजस्थान

**बयाना (नि.स.)।** बयाना-थानाडांग रोड पर गंभीर नदी पर बनी पुलिया के पूरी तरह क्षतिग्रस्त होने से डांग इलाके के ग्रामीणों की परेशानी लगातार बढ़ती जा रही है। मानसून के दौरान नदी में आई तेज धारा इस पुलिया को अपने साथ बहा ले गई थी। तब से लेकर अब तक इसका पुनर्निर्माण शुरू नहीं हो सका है, जिससे क्षेत्र के करीब दो दर्जन गांवों के लोगों का आवागमन संकट में पड़ गया है।ग्रामीणों का कहना है कि पुलिया टूटने के बाद बच्चों का स्कूल जाना, बीमारों को अस्पताल पहुंचाना और कृषि कार्यों के लिए आना-जाना बेहद जोखिमभरा हो गया है। रात के समय यहां से गुजरना जान हथेली पर लेकर चलने जैसा बन गया है। कुछ दिन पहले एक ट्रैक्टर-ट्रॉली अनियंत्रित होकर नदी में गिर गई थी, हालांकि चालक की जान बाल-बाल बची। इसके बावजूद विभागीय स्तर पर अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई।ग्रामीणों ने कई बार सार्वजनिक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) के अधिकारियों से शिकायतें कीं और नई पुलिया के निर्माण की मांग उठाई। इस पर पीडब्ल्यूडी के एक्सईएन बृजमोहन सिंह ने बताया कि गंभीर नदी की पुलिया के पुनर्निर्माण की स्वीकृति मिल चुकी है और जल्द ही रेस्टोरेशन कार्य शुरू कराया जाएगा।ग्रामीणों को अब उम्मीद है कि लंबे इंतजार के बाद पुलिया के पुनर्निर्माण से डांग क्षेत्र की सडक़ संपर्क व्यवस्था फिर से पटरी पर लौटेगी।

### आज तुलसी वन रोड मनोहर दास मंदिर पर होगा अन्नकूट महोत्सव

# माता मंदिर और कमलेश्वर महादेव पर हुआ अन्नकूट महोत्सव का आयोजन

बढ़ता राजस्थान



**बाड़ी (राजू शर्मा)।** शहर में दीपावली की पड़वा से शुरू हुआ अन्नकूट महोत्सव का दौर लगातार जारी है। शनिवार को शहर के राज्यराजेश्वरी कैला माता मंदिर और बाईपास स्थित कमलेश्वर महादेव मंदिर अन्नकूट महोत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें शहर के सैकड़ो लोगों ने प्रसादी पाई। अन्नकूट महोत्सव का यह दौर लगातार जारी रहेगा। रविवार को शहर के तुलसी वन रोड स्थित मनोहर दास मंदिर पर अन्नकूट महोत्सव का आयोजन किया जाएगा।

राजराजेश्वरी कैला माता मंदिर पर मां कैला देवी फ्रेंड्स क्लब द्वारा अन्नकूट महोत्सव का आयोजन किया गया। क्लब सदस्यों ने बताया कि अन्नकूट के लिए शहर के आमजन को आमंत्रित किया गया। जिसमें साबुत बाजरा,चावल,सभी सब्जियों का मिक्सर और कढ़ी बनाकर पंगत प्रसादी के रूप में लोगों को खिलाई गई।

सुबह 12 बजे राजराजेश्वरी कैला माता को अन्नकूट का भोग लगाया गया। उसके बाद मंदिर में स्थित सभी देवी देवताओं को प्रसाद लगाने के बाद पंगत प्रसादी शुरू हुई। जो शाम 04 बजे तक जारी रही। जिसमें सैकड़ो लोगों ने प्रसादी पाई है। वहीं शहर के बाईपास स्थित कमलेश्वर महादेव मंदिर पर पुलिस प्रशासन द्वारा अन्नकूट का आयोजन किया गया। यहां लोगों को अनुकूल की प्रसादी वितरित की गई। इस आयोजन में कोतवाली थाने के एसएचओ सहित समस्त अधिकारी और पुलिस जवानों के साथ कमलेश्वर महादेव मंदिर से जुड़े श्रद्धालु और भक्तों का सहयोग रहा। जिसमें सैकड़ो लोगों ने अन्नकूट की प्रसादी ग्रहण की।

### रविवार को मनोहर दास मंदिर पर अन्नकूट महोत्सव

26 अक्टूबर रविवार को शहर के तुलसी वन रोड स्थित मनोहर दास मंदिर पर अन्नकूट महोत्सव मनाया जाएगा। मंदिर के पुजारी अंता बाबा ने बताया कि यहां सामूहिक रूप से दीपावली के बाद पंचमी को हर वर्ष अन्नकूट महोत्सव मनाया जाता है। इस बार रविवार को यह आयोजन होगा।जिसके लिए शहर के सभी लोगों को आमंत्रित किया गया है।

## डॉ देवेंद्र कुमार जोशी होंगे लौह पुरुष एकता अवार्ड से सम्मानित

बढ़ता राजस्थान



**राजगढ़(अलवर)।** अंतरराष्ट्रीय समरसता मंच एवं इंडो नेपाल समस्या आर्गेनाइजेशन के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित कार्यक्रम में डॉ देवेंद्र कुमार जोशी को लौह पुरुष एकता अवार्ड के लिए चयनित किया गया है। यह सम्मान राष्ट्रीय एकता दिवस 31 अक्टूबर 2025 को जयपुर में सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर आयोजित वैश्विक विचार प्रस्तुति एवं संयुक्त राष्ट्र स्थापना दिवस समापन समारोह में प्रदान किया जाएगा। डॉ जोशी को इससे पूर्व शिक्षक सम्मान, भामाशाह सम्मान, शिक्षा गौरव सम्मान सहित अनेक पुरस्कारों से सम्मानित किया जा चुका है। डॉ जोशी एक विख्यात लेखक एवं शिक्षाविद होने के साथ-साथ समाजसेवी भी हैं, इस अवसर पर अनेक शिक्षाविदों एवं समाज सेवकों ने उनको शुभकामनाएं दी है।

## जिला कलक्टर ने तिब्बती शरणार्थी मार्केट का किया उद्घाटन

### तिब्बती बाजार में डस्टबिन का किया वितरण



बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** अलवर के प्रसिद्ध तिब्बती मार्केट का शुभारंभ जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला द्वारा किया गया। इस अवसर पर अलवर नगर निगम आयुक्त की ओर से स्वच्छ सर्वेक्षण 2025 के तहत हरे और नीले डस्टबिनों का वितरण किया गया। आयुक्त ने उपस्थित व्यापारियों और आम नागरिकों से अपील की कि वे गीला और सूखा कचरा अलग-अलग डस्टबिन में डालें, ताकि बाजार क्षेत्र स्वच्छ और सुंदर बना रहे।

डॉ. आर्तिका शुक्ला ने कहा कि स्वच्छता केवल निगम की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है। यदि हम सब मिलकर स्वच्छता अपनाएँ, तो अलवर शहर को स्वच्छ सर्वेक्षण में अव्वल स्थान दिला सकते हैं। इस अवसर पर नगर निगम के अधिकारीगण, व्यापारी संघ के प्रतिनिधि और बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य आमजन तक स्वच्छता का संदेश पहुँचाना और तिब्बती मार्केट को साफ-सुथरा और आकर्षक बनाए रखना रहा।

## नाबालिग से 47 वर्षिय व्यक्ति ने दुष्कर्म का प्रयास किया:पुलिस ने 48 घंटे में पकड़ा

बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** अलवर जिले के मालाखेड़ा थाना क्षेत्र में नाबालिग लड़की से दुष्कर्म का प्रयास करने वाले आरोपी को मालाखेड़ा थाना पुलिस ने 48 घंटे में गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी(47) जो अकसर पीड़िता के घर आता जाता था। नाबालिग अपहरण कर रूपा रेल नदी के पास जाटोली में ले गया जिसके बाद उसके साथ दुष्कर्म करने की कोशिश की तो लड़की चिल्लाई तो आरोपी ने उसे छोड़ दिया और वो वहां से फरार हो गया। नाबालिग ने घर पहुंच कर सब बताया।जिसके बाद नाबालिग के पिता ने बुधवार को मालाखेड़ा थाने आरोपी के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दी। एसपी सुधीर चौधरी ने बताया की परिवादी ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि एक व्यक्ति उसकी नाबालिग बेटी का अपहरण कर सुनसान जगह रूपारेल नदी (जाटोली) में ले गया और उसके साथ बलात्कार करने का प्रयास किया। जिस पर रिपोर्ट दर्ज होने के बाद पुलिस ने तुरंत मामला दर्ज कर जांच शुरू की। जिसके बाद आरोपी को 48 घंटे में गिरफ्तार कर लिया है।जिसे पैश न्यायालय कर जैल भेज दिया है।

## यादव समाज के शहीदों के सम्मान में बने अहीर रेजिमेंट-यादव



बढ़ता राजस्थान

**बानसूर(धीरज मौर्य)।** जयपुर स्थित यादव महासभा की प्रदेश कार्यकारिणी के प्रदेशाध्यक्ष व युवा यादव महासभा के प्रदेशाध्यक्ष व भाजपा के पूर्व प्रत्यशी रहे भाजपा नेता महेन्द्र यादव ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर केन्द्र सरकार से अपील की है।

उन्होंने कहा कि इतनी बड़ी दुश्मन चीन की सेना से लड़ने वाले वीर शहीदों की जाति के नाम से एक रेजिमेंट का नाम रखा जाए। यादव ने कहा कि शहीदों की कोई जाति धर्म नहीं होता सिर्फ होता है तो सिर्फ कर्म वह भी देश के लिए प्रमुख। उन्होंने कहा कि हमारे शहीदों के सम्मान में बिहार से चली शहीदों की यात्रा विभिन्न प्रदेशों से गुजरते हुई दिल्ली के जंतर मंतर पहुंचेगी और देश के प्रधानमंत्री से मांग की जाएगी कि वे अहीर रेजिमेंट का का निर्माण करें। हमें उम्मीद है कि बिहार में जिस तरह से जाति जनगणना की बात को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्वीकार किया ठीक उसी प्रकार अहीर रेजिमेंट की मांग को स्वीकार कर यादव समाज को गौरवान्वित करेंगे।

## पुत्रों ने किये अपने पिता के नेत्रदान

बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** शहर मे-23 मंगल विहार स्कीम नंबर 5 नयाबास अलवर निवासी श्री नारायण लाल गुप्ता मालपुर वाले (पुत्र श्री रामकिशन गुप्ता) के आकस्मिक निधन के उपरान्त उनके नेत्रदान कर दिए गए।

नारायण सेवा संस्थान,अलवर शाखा अध्यक्ष आर एस वर्मा ने बताया विनोद खंडेलवाल ने पिता के निधन के उपरांत उनके नेत्रदान के लिए पंजाबी वेलफेयर सोसायटी को फोन किया। तदउपरांत उनकी सूचना पर डा0 श्रॉफ हॉस्पिटल आई डोनेशन सेंटर की डॉक्टरों की टीम ने उनके निवास पर पहुँच कर परिवार की सहमति के बाद आई डोनेशन की प्रक्रिया को पूरा किया।

### कर्जा लेकर फसल लगाई, पैदावार भी बंपर, लेकिन जब मंडी गए तो दाम इतने कम कि लागत भी नहीं निकली

# प्याज ने फिर निकाले किसानों के आंसू, मंडियों में औंधे मुंह गिरे दाम, लागत निकालना भी मुश्किल

बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़(अलवर)।** राजगढ़ सहित आसपास के क्षेत्र मे प्याज की फसल अपने अंतिम चरण में है और देशभर की मंडियों में नई फसल की आवक बढ़ने लगी है, लेकिन इससे किसानों के चेहरे पर खुशी के बजाय चिंता की लकीरें दिखाई दे रही हैं। बंपर उत्पादन के बावजूद, प्याज के बाजार भाव इस कदर गिर गए हैं कि किसानों के लिए अपनी लागत (उत्पादन खर्च) निकालना भी मुश्किल हो रहा है। कई प्रमुख मंडियों में प्याज के थोक दाम 8 से 15 रूपए प्रति किलोग्राम के बीच चल रहे हैं, जबकि किसानों का दावा है कि उनकी उत्पादन लागत 20 रूपए से 22 रूपए प्रति किलोग्राम तक आ रही है।

**किसानों की व्यथा- लागत भी नहीं निकल रही :** किसान नरेन्द्र, रामजीलाल ने बताया कि खेती की लागत में बेतहाशा वृद्धि हुई है। बीज, खाद, कीटनाशक और मज़दूरी के खर्च में इज़ाफ़ा हुआ है। प्याज उगाने की लागत अब 20 रूपए से 22 रूपए प्रति किलोग्राम तक पहुँच गई है। बाजार में प्याज के दाम नहीं मिल रहे हैं। जबकि कुछ जगहों पर यह और भी कम है। किसान धनराज मीना,गिर्राज सिराला, केसूलाल, लक्ष्मण पटेल, बाबू पटेल,सीताराम बढ़वाला,बबलू बढ़वाला व अन्य किसानो ने बताया की हमने कर्जा लेकर फसल लगाई, अच्छी बारिश और मेहनत से बंपर फसल भी हुई, लेकिन जब मंडी गए तो दाम इतने कम मिले कि लागत भी नहीं निकली। हमारे तो दीवाली मनाने के पैसे भी नहीं बचे। दाम गिरने के मुख्य कारण बाजार विशेषज्ञों के अनुसार, दाम गिरने के पीछे ये प्रमुख कारण हैं नई फसल का भारी मात्रा में एक साथ बाज़ार में आना, गुणवत्ता की समस्या कुछ क्षेत्रों में बेमौसम बारिश या अन्य मौसमी मार के कारण प्याज की गुणवत्ता प्रभावित होना। निर्यात पर समय-समय पर लगने वाले प्रतिबंध और शुल्क, जिससे अंतरराष्ट्रीय बाज़ारों में भारतीय प्याज की मांग प्रभावित होती है।



**भंडारण की कमी:** किसानों के पास पर्याप्त और उन्नत भंडारण सुविधाएँ न होने के कारण उन्हें तुरंत फसल बेचनी पड़ती है। किसानों की मांग और सरकारी प्रयास किसान लगातार सरकार से न्यूनतम समर्थन मूल्य की मांग कर रहे हैं ताकि उन्हें कम से कम लागत से अधिक दाम मिल सके।

## सच्ची लगन व कड़ी मेहनत के बल पर किसी भी मुकाम को हासिल किया जा सकता है-शर्मा

### वन राज्यमंत्री संजय शर्मा ने प्रतिभावान बच्चों को किया सम्मानित

बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़(अलवर)।** कस्बे के गोविन्द देव बाजार स्थित श्री ब्राह्मण धर्मशाला में शनिवार को वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संजय शर्मा ने श्री ब्राह्मण समाज द्वारा आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह में सम्मिलित होकर प्रतिभाओं का सम्मान किया।

वन राज्यमंत्री शर्मा ने ब्राह्मण समाज के मेधावी बालक-बालिकाओं एवं राजकीय सेवा में नियुक्ति प्राप्त करने वाले युवाओं के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उनको सम्मानित किया। उन्होंने अपने सम्बोधन में कहा कि देश एवं समाज की उन्नति में युवाओं की अहम भूमिका होती है तथा प्रतिभाओं के सम्मान में माता-पिता और गुरूजनों का महत्वपूर्ण योगदान होता है। उन्होंने कहा कि सच्ची लगन व कडी मेहनत के बल पर किसी भी मुकाम को हासिल किया जा सकता है। उन्होंने युवाओं से अपने माता-पिता और गुरूजनों की सेवा के साथ जीवन में संवेदनशीलता अपनाकर विकसित भारत के संकल्प को साकार करने आह्वान किया। कार्यक्रम का मंच संचालन दिनेश शास्त्री ने किया।



इस अवसर पर पूर्व महापौर घनश्याम गुर्जर, ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष राजेश शर्मा, हरिओम कटारा, सतीश यादव, हरेन्द्र शर्मा, त्रिपोलिया महादेव मंदिर के महन्त जितेन्द्र खेडापति, भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रकाश दीक्षित, भूपेन्द्र शर्मा, संजय राजस्थानी, नरेन्द्र शर्मा, प्रदीप शर्मा, विवेक दीक्षित, पं. जलेसिंह, समाजसेवी अशोक कुदग्ल, डॉ. मोहित शर्मा, यश शर्मा, सौरभ शर्मा, प्रशांत शर्मा, राकेश शर्मा, सोनू शर्मा, सानिया व्यास, विशम्भर दयाल, रामावतार सिद्ध, आकाश मिश्रा सहित प्रबुद्ध व्यक्ति एवं बडी संख्या में युवा तथा आमजन मौजूद रहे।

### अलवर में नि:शुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर

## हम खुशनसीब है कि हमें मानव सेवा का मौका मिल रहा है : एम जे एफ लायन डॉ. मंजू अग्रवाल



### 66 ओपीडी से लाभान्वित एवं 5 मरीजों का नि:शुल्क मोतियाबिन्द के ऑपरेशन हेतु चयन

बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** शनिवार को लायंस क्लब अलवर मत्स्य, अलवर जिला स्काउट एण्ड गाइड फ़ेलोशिप, मित्तल हॉस्पिटल एवं जिला अन्धता निवारण समिति अलवर के संयुक्त तत्वाधान में युवराज प्रताप सिंह मेमोरियल होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज में लगाया गया ! इस निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर में कुल 66 लोग लाभान्वित हुए तथा मोतियाबिंद (लेंस प्रत्यारोपण) के ऑपरेशन हेतु 5 लोगो का आज चयन किया गया । शिविर संयोजक एवं लायंस क्लब इंटरनेशनल के डिस्ट्रिक्ट 3233 ई 1 के लायन सतीश कुमार गुप्ता ने बताया कि यह शिविर अलवर के युवराज प्रताप सिंह मेमोरियल होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज में ह्र माह की 25 तारीख को लगाया जाता है क्योकि शिवाजी पार्क, बुध बिहार, हसन खा मेवात एवं अन्य आस पास के क्षेत्र में बहुत से नेत्र रोगी है पर किसी ना किसी मजबूरी के चलते वो सामान्य चिकित्सालय में आकर नही दिखा पाते है ! लायंस क्लब अलवर मत्स्य की अध्यक्ष एवं युवराज प्रताप सिंह मेमोरियल होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज की मैनेजिंग डायरेक्टर एम जे एफ लायन डॉ. मंजू अग्रवाल ने ख़ुशी जाहिर करते हुए कहा कि हम खुशनसीब है कि हमें इस मानवसेवा का मौका मिल रहा है ! आज के शिविर में युवराज प्रताप सिंह मेमोरियल होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज की डॉ. तनु तथा लायंस क्लब अलवर के टेकनीशियन ललित शर्मा ने अपनी निःशुल्क सेवाये प्रदान करी तथा आवश्यकतानुसार मरीजो को निःशुल्क दवा भी वितरित की गयी।

कार्यक्रम संयोजक लायन सत्यनारायण अग्रवाल ने बताया कि मोतियाबिंद (लेंस प्रत्यारोपण) रोग से पीड़ित 5 मरीजो के ऑपरेशन मित्तल हॉस्पिटल, सुभाष नगर अलवर में किये जायेंगे ! मरीज को रहने, खाने-पीने, लेंस, ऑपरेशन, चश्मा, दवा इत्यादि सभी सुविधाए पुर्णतः निःशुल्क प्रदान करायी जायेगी तथा अगले दिन मरीज को छुट्टी दे दी जायेगी 7 शिविर में लायंस क्लब से पूर्व रीजन चेयरपर्सन लायन गिरीश गुप्ता, लायन सत्यनारायण अग्रवाल, लायन घनश्याम अग्रवाल , लायन सतीश कुमार गुप्ता, लायन अनिल बंसल , लायन गोविन्द चन्द गोयल , लायन महेश धानावत, लायन प्रह्लाद अग्रवाल, लायन प्रदीप धामानी, युवराज प्रताप सिंह मेमोरियल होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज से डॉ. अशोक पाठक सहित पूरी टीम ने सहयोग प्रदान किया ।

### आरएएस में चयनित प्रतिभाओं का किया सम्मान

## ऐसे अधिकारी बने जिसकी भारत में बने मिसाल-बोहरा



बढ़ता राजस्थान

**बानसूर(धीरज मौर्य)।** नगर पालिका क्षेत्र स्थित एसएमएस विद्यालय प्रांगण में क्षेत्र की प्रतिभाओं ने आरएएस परीक्षा में अपनी प्रतिभा दिखाने वाली प्रतिभाओं का सम्मान किया गया। इस मौके पर बोलते हुए एसएमएस ग्रुप के समन्वयक डॉ शशिकांत बोहरा ने कहा कि आप ऐसी प्रतिभा बने की देश में आपकी मिशाल दी जा सके।

उन्होंने कहा कि देश और प्रदेश का शासन ऐसी प्रतिभाएँ ही चलाती हैं चाहे वह आरएएस अधिकारी हों या आईएएस अधिकारी हों। उपस्थित आरएएस प्रतिभाओं ने आपको बताया कि सच्चे मित्र वही हैं जो हमारी कमियों को हमें बताएं !हमारे मुँह पर प्रशंसा करने वाले हमारे मित्र नहीं दुश्मन हैं। इसलिए प्रत्येक विद्यार्थी को चाहिए कि वे विभिन्न क्षेत्रों में अपनी प्रतिभा दिखाने की कोशिश करे। चयनित प्रतिभाओं में पंकज कुमार पुत्र लक्ष्मण प्रसाद नैनावत, मुकाम पोस्ट रामपुर, इनका बड़ा भाई संस्था का पूर्व छात्र रहा है,दीपक यादव पुत्र हनुमान प्रसाद यादव,मुकाम पोस्ट मल्लूवास हरसौरा,तथा रविका राठौर पुत्री रफीक खान,मुकाम पोस्ट परशाकाबास की रहने वाली हैं। रविका राठौड़ पूर्व से ही सीआईडी में कार्यरत हैं। इन सभी प्रतिभाओं को विद्यालय निदेशक महोदय डॉ. शशिकांत बोहरा ने पुष्पमाला पहनाकर व पुष्पगुच्छ देकर तथा चांदी का मेडल, स्मृति चिह्न और संस्था का एक बैग भेंट कर सम्मान किया। साथ ही उनके उज्जवल भविष्य की कामना भी की। आरएएस परीक्षा में चयनित सभी पूर्व विद्यार्थियों ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, विद्यालय परिवार एवं निदेशक महोदय डॉ. शशिकांत बोहरा को दिया। साथ ही उन्होंने पूरी ईमानदारी से अपना कर्तव्य निर्वहन करने हेतु वचन भी दिया है। इस मौके पर शिक्षा उपनिदेशक धर्मपाल सिंह, प्रधानाचार्य बलवीर सिंह यादव, महेश चंद पारीक, जितेंद्र शर्मा, रविकांत शर्मा, रोहिताश यादव, राजकुमार शर्मा मौजूद रहे।

## वन राज्यमंत्री संजय शर्मा आज विभिन्न कार्यक्रमों में करेंगे शिरकत

बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री संजय शर्मा 26 अक्टूबर को जिले में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में शिरकत करेंगे। कार्यक्रमानुसार वन राज्यमंत्री श्री शर्मा प्रातः 9:30 बजे शहर में हैप्पी स्कूल में अखिल भारतीय कोली समाज द्वारा आयोजित जिला स्तरीय प्रतिभा सम्मान समारोह में शिरकत करेंगे, प्रातः 11:30 बजे मां आशावरी माताजी गढराजोर टहला के 11वें वार्षिक स्नेह मिलन एवं सम्मान समारोह 2025 में भाग लेंगे, दोपहर 12:45 बजे थानागाजी स्थित शिव बगीची में श्री परशुराम सेवा समिति द्वारा आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह में शिरकत करेंगे तथा सांय 7:30 बजे शांतिकुंज में महावीर इंटरनेशनल समिति के शपथ ग्रहण समारोह में भाग लेंगे।

## कुल देवी माँ लक्ष्मी व महाराजा अग्रसेन को आज लगेगा अन्नकूट का भोग

**बढ़ता राजस्थान, बानसूर(धीरज मौर्य)।** नगर पालिका क्षेत्र स्थित अग्रसेन भवन में रविवारको अन्नकूट महोत्सव का आयोजन होगा। अग्रवाल समाज के कोऑर्डिनेटर अनील सिंघल ने बताया कि जिसमें अनेक तरह के व्यंजन तैयार किए जायेंगे। उसके बाद अग्रवाल समाज की कुलदेवी माँ लक्ष्मी जी और महाराजा अग्रसेन जी को भोग लगाया जाएगा।

### तकनीक से सुविधा की ओर बढ़ता पावटा उपजिला अस्पताल

# राजकीय उपजिला अस्पताल में एक स्कैन में होगा ओपीडी रजिस्ट्रेशन

बढ़ता राजस्थान

**पावटा (नि.स.)।** राजकीय उपजिला अस्पताल पावटा में अब मरीजों को लंबी कतारों में लाइन लगने से राहत मिलने जा रही है। अस्पताल प्रशासन ने आधुनिक तकनीक का उपयोग करते हुए क्तक्र कोड आधारित ओपीडी पंजीकरण प्रणाली प्रारंभ की है। इस सुविधा से मरीज अब अपने मोबाइल फोन के माध्यम से तुरंत ओपीडी रजिस्ट्रेशन कर सकेंगे।.

अस्पताल के पीएमओ डॉ. रवि बंसल ने बताया कि इस नई व्यवस्था का उद्देश्य मरीजों को तेजी, पारदर्शिता और सुविधा प्रदान करना है। वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. संतोष वर्मा ने बताया कि ऑनलाइन ओपीडी रजिस्ट्रेशन सुविधा प्राप्त करने के लिए प्रथम चरण में मरीज अस्पताल परिसर में लगे क्तक्र कोड को स्कैन करें। इसके लिए आप किसी भी क्तक्र कोड स्कैनर एप्प, मोबाइल कैमरा, या नीचे दिए गए एबीडीएम सक्षम एप्स का उपयोग कर सकते हैं। द्वितीय चरण यदि आपके मोबाइल में एबीडीएम समर्थित ऐप इंस्टॉल नहीं है, तो पहले उसे डाउनलोड कर रजिस्टर या लॉगिन करें।




तृतीय चरण में अस्पताल के काउंटर या दीवारों पर लगे क्तक्र कोड को स्कैन करें और अपनी ्रक्च॥र प्रोफाइल साझा करें। इसके पश्चात आपको पंजीकरण टोकन नंबर प्राप्त होगा। चतुर्थ चरण में जब आपका टोकन नंबर घोषित हो जाए, तब रजिस्ट्रेशन डेस्क से अपनी ओपीडी पर्ची लेकर संबंधित डॉक्टर से मिलें। डॉ. देवेंद्र शर्मा ने बताया कि इस व्यवस्था से अस्पताल की कार्यप्रणाली में गति आएगी और मरीजों को समय की बचत होगी। वहीं डॉ. खुशबू बंसल ने इस पहल को "मरीज केंद्रित सुधार की दिशा में बड़ा कदम" बताया। उन्होंने कहा कि "अस्पताल में आने वाले हर मरीज को त्वरित और सम्मानजनक सेवा मिलना हमारी प्राथमिकता है।

यह क्तक्र आधारित प्रणाली खासकर ग्रामीण व महिला मरीजों के लिए बेहद उपयोगी साबित होगी, जो अब बिना किसी परेशानी के सीधे डॉक्टर तक पहुँच सकेंगे।" डॉ. खुशबू बंसल ने यह भी कहा कि डिजिटल सुविधा के माध्यम से अस्पताल में भीड़भाड़ और कागजी प्रक्रिया दोनों में कमी आएगी, जिससे मरीजों का उपचार और भी सहज हो जाएगा।

पीएमओ डॉ. रवि बंसल ने बताया कि अस्पताल प्रशासन भविष्य में इसी तरह की और कई डिजिटल हेल्थ सेवाओं को जोड़ने की दिशा में कार्यरत है, जिससे पावटा अस्पताल को स्मार्ट हेल्थ सेंटर के रूप में विकसित किया जा सके और मरीजों को सुचारू रूप से स्वास्थ्य सेवाएं मिलेंगी।

## उदयपुर : एनीकट में डूबने से 3 भाई-बहन समेत 4 बच्चों की मौत



बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर (निसं)।** उदयपुर में 3 भाई-बहन समेत 4 बच्चों की मौत हो गई। एक-दूसरे को बचाने के चक्कर में चारों बच्चे एनीकट में डूब गए। मरने वालों में 3 लड़की और 1 लड़का शामिल है। हादसा शनिवार को डबोक थाना क्षेत्र के भमरासिया घाटी काकरनाड़ा स्थित लक्ष्मणपुरा में हुई।डबोक थानाधिकारी हुकुम सिंह ने बताया- हादसे में मनोहर (6) पुत्र राजू कालबेलिया, कोमल (8) पुत्री राजू कालबेलिया, पायल (10) पुत्री राजू कालबेलिया और सुमन (16) पुत्री केशू कालबेलिया की मौत हो गई। घटना के बाद चारों बच्चों के कपड़े बाहर रखे हुए मिले। स्थानीय ग्रामीण ने जब शव देखे तो पुलिस को सूचना दी।

पुलिस और सिविल डिफेंस की टीम मौके पर पहुंची। रेस्क्यू कर बच्चों के शवों को बाहर निकाला गया। चारों नहाने के लिए एनीकट गए थे।

## अंता उपचुनावः प्रचार के दौरान नरेश मीणा ने खोया आपा

बढ़ता राजस्थान

**बारां (निसं)।** जिले 11 नवंबर को होने वाले अंता विधानसभा उपचुनाव को लेकर सियासी सरगर्मी चरम पर है। प्रत्याशी जोर-शोर से प्रचार में जुटे हैं, लेकिन इस बीच निर्दलीय उम्मीदवार नरेश मीणा एक बार फिर विवादों में घिर गए हैं। खान की झोपड़ियां गांव में चुनाव प्रचार के दौरान उनका एक वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है, जिसमें वे एक युवक को भद्दी-भद्दी गालियां देते नजर आ रहे हैं। वायरल वीडियो में नरेश मीणा मंदिर की चौखट पर खड़े होकर जनसभा को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान एक ग्रामीण ने उनसे सवाल पूछ लिया, जिस पर नरेश मीणा भड़क गए। उन्होंने युवक को अपशब्द कहे, साथ ही जबरदस्ती उसके मुंह में माइक थमा दिया।

वीडियो में नरेश मीणा गुस्से में कहते सुनाई दे रहे हैं कि दारू पी रखी है इस चोर ने, मैं बोल रहा हूं तेरा बाप है जो प्रमोद जैन भाया, उसे पूछ तुम 25 साल से उसे वोट दे रहे हो। उनके इस व्यवहार ने वहां मौजूद लोगों को भी असहज कर दिया। हालांकि, इस वीडियो की राजस्थान पत्रिका पुष्टि नहीं करता है। यह घटना खान की झोपड़ियां गांव की बताई जा रही है, जो पहले भी विवादों में रहा है। नरेश मीणा का यह व्यवहार उपचुनाव के माहौल को और गर्मा रहा है। उनके इस रवैये से मतदाताओं के बीच उनकी छवि पर असर पड़ सकता है।

## बंगाल की खाड़ी में लो-प्रेशर सिस्टम बना, कल से 9 जिलों में आंधी-बारिश का अलर्ट

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (कासं)।** राजस्थान में सर्दी अब धीरे-धीरे बढ़ रही है। सीकर के बाद कल दौसा में रात का न्यूनतम तापमान गिरकर 14 डिग्री सेल्सियस से नीचे चला गया। करौली, जालोर, गंगानगर, बाड़मेर, भीलवाड़ा, अजमेर समेत कई शहरों में कल न्यूनतम तापमान में 1 से 1.5 डिग्री तक की गिरावट दर्ज हुई।

सीकर, दौसा में कल सबसे ज्यादा सर्दी रही। मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक 27 अक्टूबर को उदयपुर, कोटा संभाग के 9 जिलों में आंधी-बारिश का भी अलर्ट है।

पिछले 24 घंटे के दौरान राजस्थान के सभी शहरों का मौसम साफ रहा। सबसे अधिक तापमान बाड़मेर में 37.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। जैसलमेर में अधिकतम तापमान 36.5, बीकानेर में 35.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ।

मौसम केन्द्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया- वर्तमान में अरब सागर में एक डिप्रेशन सिस्टम और दक्षिण-पूर्वी बंगाल की खाड़ी में लो-प्रेशर सिस्टम बना हुआ है। एक नया पश्चिमी विक्षोभ उत्तर-पश्चिमी भारत में 26-27 अक्टूबर से सक्रिय होने की संभावना है। इन तीनों सिस्टम के असर से राज्य के दक्षिण-पूर्वी हिस्सों में उदयपुर, कोटा संभाग के कुछ भागों में 26 से 28 अक्टूबर के दौरान मेघगर्जन के साथ बारिश होने की प्रबल संभावना है। इस सिस्टम का सबसे ज्यादा प्रभाव 27-28 अक्टूबर को रहेगा। इस दिन कहीं-कहीं आकाशीय बिजली चमकने के साथ हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना है।

## राज्यमंत्री एवं सांसद ने शिविर में पात्र लोगों को दस्तावेज वितरित किए

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर.** राज्य सरकार के निर्देशानुसार 17 सितम्बर से चलाए जा रहे ग्रामीण सेवा शिविर के तहत शुक्रवार को सिरोही जिले की ग्राम पंचायत कृष्णगंज में राजकीय सीनीयर सैकण्डरी स्कूल में शिविर का आयोजन हुआ। इस शिविर में संबंधित 19 विभागों के अधिकारियों एवं कार्मिको ने भाग लिया एवं जनहित के कार्य सम्पादित किये गए। शिविर में ग्रामीण विकास, आपदा प्रबंधन, पंचायतीराज मंत्री ओटाराम देवासी एवं सांसद लुम्बाराम चौधरी के हाथों योजना में पात्र ग्रामीणों को दस्तावेज दिए गए। इस मौके पर राज्यमंत्री श्री ओटाराम देवासी एवं सांसद श्री लुम्बाराम चौधरी ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ लेने का आव्हान किया तथा जनकल्याणकारी योजनाओं के आमजन के हित में कार्यान्वित करने के लिए प्रशासनिक तंत्र के अधिकारियो एवं कार्मिको को निर्देशित किया गया। शिविर में 05 पटटा वितरण, 08 मंगला पशु बीमा, 02 गोद भराई, विवाह पंजीयन, जन्म-मृत्यु पंजीयन, पेंशन सत्यापन किये गये।

### सैलानियों की हर दिन आ रही पर्यटकों की 10 हजार गाड़ियां

# स्वर्णनगरी जैसलमेर में टूरिज्म सीजन पीक पर 5 दिन में पहुंचे 3 लाख से ज्यादा टूरिस्ट

बढ़ता राजस्थान

**जैसलमेर (निसं)।** स्वर्णनगरी जैसलमेर में इन दिनों टूरिज्म सीजन पीक पर है। दीपावली से होटल, गेस्ट हाउस और धर्मशालाएं पूरी तरह हाउसफुल चल रही हैं। शहर सहित जैसलमेर के कई पर्यटक स्थलों पर उम्मीद से कहीं ज्यादा भीड़ देखने को मिल रही हैं।

एक्सपर्ट्स का कहना है कि जैसलमेर शहर में हर दिन 10 हजार से ज्यादा गाड़ियां आ रही हैं। इसके अलावा ट्रेन, फ्लाइट और बसों से आने वाले सैलानियों की संख्या अलग है।

पर्यटन व्यवसायियों के अनुसार- पिछले 5 दिनों में 3 लाख से ज्यादा टूरिस्ट जैसलमेर पहुंच चुके हैं। इनमें से 90% गुजरात से आए हैं, बाकी देश के अन्य हिस्सों से आए हैं।



गुजरात के अहमदाबाद से आए हितेश भाई अपने परिवार और रिश्तेदारों के साथ 55 लोगों के समूह में जैसलमेर घूमने पहुंचे हैं। उन्होंने बताया- रातभर शहर के 40 से 50 होटल देखे, लेकिन कहीं जगह नहीं मिली। आखिरकार हमने एक होटल में छत पर रात गुजारी। दिनभर शहर देखा, सम के धोरों में सफारी की, और फिर खाना बनाकर सो गए।

होटल राधिका के संजय सिंह ने बताया- दीपावली पर हर साल गुजरात से सैलानी आते हैं, लेकिन इस साल इनकी तादाद काफी ज्यादा है। असल में, पहाड़ों पर इस साल कुछ घटनाओं के कारण ज्यादा पर्यटकों का रूख जैसलमेर की ओर हुआ हैं। हमारी होटल भी 30 अक्टूबर तक पैक है।

जैसलमेर- जोधपुर नेशनल हाईवे से लेकर शहर के अंदर तक हर जगह गाड़ियों की लंबी कतारें लगी हैं। पार्किंग की कोई ठोस व्यवस्था नहीं है। नगर परिषद द्वारा महाराणा प्रताप मैदान में पार्किंग बनाई जा रही है, लेकिन अभी तक शुरू नहीं हुई। इस कारण सैलानियों को सड़क किनारे ही गाड़ियां पार्क करनी पड़ रही हैं। शहर में कई जगह जाम की स्थिति बनी रही।

नगर परिषद कमिश्नर लजपाल सिंह का कहना है- हमने पार्किंग के लिए ठेका दे दिया है। महाराणा प्रताप मैदान में भी पार्किंग का काम तेजी से पूरा करने का प्रयास किया जा रहा है। अगले साल तक ये पार्किंग सभी के लिए उपलब्ध होगी, जिससे सैलानियों को कोई परेशानी नहीं हो।

जैसलमेर में पर्यटन अपने शिखर पर है। इस भीड़ ने शहर की अर्थव्यवस्था को तो रफ्तार दी है, लेकिन प्रशासन की तैयारियों की पोल भी खोल दी है। होटल हाउसफुल है, जाम के हालात और पार्किंग की किल्लत ने सैलानियों को परेशान किया है। इसके बावजूद सम के धोरों और जैसलमेर किले की खूबसूरती ने सभी को मोह लिया।

### "लागत में कमी और बेहतर लॉजिस्टिक प्रबंधन" पर कार्यशाला

## भारत में दुनिया को बदलने की ताकत हम स्वदेशी अपनाएं : विधानसभा अध्यक्ष

बढ़ता राजस्थान




**जयपुर (कासं)** । विधान सभा अध्यक्ष श्री वासुदेव देवनानी ने कहा कि भारत एक शानदार सामाजिक, सांस्कृतिक मूल्यों और जीवंत जीवन प्रणाली का देश है। हममें दुनिया को बदलने की ताकत है। स्वदेशी को अपनाने और लागत में कमी करके हम आर्थिक महाशक्ति बन सकते हैं। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश और मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के नेतृत्व में राजस्थान इसी दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने शनिवार को अजमेर में भारतीय सामग्री प्रबंधन संस्थान (आईआईएमएम) की अजमेर शाखा द्वारा लागत में कमी और बेहतर लॉजिस्टिक प्रबंधन विषय पर आयोजित कार्यशाला को संबोधित किया। देवनानी ने लागत में कमी, दक्ष लॉजिस्टिक प्रबंधन, उद्योग और शिक्षा के समन्वय की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने युवाओं को तकनीकी नवाचारों के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि राजस्थान सरकार की लॉजिस्टिक पॉलिसी-2025 राज्य को एक लॉजिस्टिक्स हब के रूप में विकसित करने, निवेश को आकर्षित करने और औद्योगिक परिवहन को और अधिक सशक्त बनाने की दिशा में एक सराहनीय कदम है। राजस्थान की भौगोलिक स्थिति जो उत्तर और पश्चिम भारत को जोड़ती है। हमें एक रणनीतिक लाभ प्रदान करती है। यदि इस क्षमता का सही उपयोग किया जाए, तो राजस्थान आने वाले वर्षों में भारत का प्रमुख लॉजिस्टिक गेटवे बन सकता है। लागत में कमी और प्रभावी लॉजिस्टिक्स प्रबंधन केवल औद्योगिक आवश्यकता नहीं बल्कि सतत विकास की कुंजी भी हैं। भारत सरकार की "मेक इन इंडिया" और "डिजीटल इंडिया" जैसी नीतियां इसी दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं, जिन्होंने विनिर्माण क्षेत्र को प्रोत्साहन दिया है और विदेशी निवेश को आकर्षित किया है।

## ट्रम्प के सीक्रेट दोस्त ने अमेरिकी आर्मी की दी सैलरी

बढ़ता राजस्थान

**वॉशिंगटन डीसी (एजेंसी)।** अमेरिका के रक्षा मंत्रालय पेंटागन ने शुक्रवार को बताया कि उसने सैनिकों की सैलरी के लिए 130 मिलियन डॉलर (लगभग 1,100 करोड़ रुपए) का एक सीक्रेट डोनेशन स्वीकार किया है। यह डोनेशन राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के एक अनजान 'दोस्त' ने दिया है, ताकि सरकारी शटडाउन के दौरान सैनिकों को तनख्वाह मिल सके। हालांकि इस डोनेशन से कई सवाल खड़े हो गए हैं। ट्रम्प ने गुरुवार को व्हाइट हाउस में इस डोनेशन की बात बताई और दानदाता को देशभक्त कहा। उन्होंने दानदाता का नाम नहीं बताया, क्योंकि वह अपनी पहचान छुपाना चाहता है। अमेरिका में 1 अक्टूबर से शुरू हुए सरकारी शटडाउन को 25 दिन हो गए हैं। अमेरिका के दोनों प्रमुख दल डेमोक्रेट और रिपब्लिकन में ओबामा हेल्थ केयर सब्सिडी प्रोग्राम को लेकर ठनी हुई गई है। डेमोक्रेट्स चाहते थे कि हेल्थ केयर (स्वास्थ्य बीमा) की सब्सिडी बढ़ाई जाए। रिपब्लिकन को डर है कि अगर सब्सिडी बढ़ाई गई तो सरकार को खर्च करने के लिए और पैसे की जरूरत पड़ेगी, जिससे बाकी सरकारी काम प्रभावित होंगे।

पेंटागन के प्रवक्ता शॉन पार्नेल ने कहा कि यह पैसा सैनिकों के वेतन और अन्य सुविधाओं के लिए इस्तेमाल होगा। उन्होंने डेमोक्रेट्स पर सैनिकों का वेतन रोकने का इल्जाम भी लगाया।




बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस
दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक समाचार पत्र मुद्रण के लिए संपर्क करें।



उच्च क्वालिटी का कागज एवं स्याही
कलर एवं ब्लैक मुद्रण
किफायती मुद्रण लागत

Printing Press
- Hameedpura Road Khandwa, Newai, Tonk, Rajasthan - 304021

Office
- Badhata Rajasthan, Near Rajkiya Mahavidhyalaya, NH-12, Bypass Newai, Tonk, Rajasthan - 304021 (M) +91-9214048888, Phone No. - 01438-223201, 02, 03
- 185/116, "Pratiksha", Sector-18, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur - 302033 (M) +91-9414242258, Phone No. - 0141-2796795

Email: badhatarajasthanprintingpress@gmail.com

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक एवं प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस, हमीदपुरा रोड, खंडवा, निवाई, टोंक (राज.) से मुद्रित एवं बढ़ता राजकीय महाविद्यालय के पास एनएच-12 बाईपास निवाई, टोंक (राजस्थान) प्रकाशित, संपादक तनुजा पठान*। प्रधान संपादक राम बिलास विजयवर्गीय (मो. 9414242258, 9214048888, जयपुरः फोन 0141-2796794, 95, टोंक कार्यालयः बाईपास, निवाई, टोक (मो. 9414823448), अलवर कार्यालयः मेहताब सिंह का नोहरा, अलवर (मो. 7877309346), कोटा कार्यालयः छावनी मेन रोड, कोटा (मो. 7023350734), ई-मेलः badhatarajasthan@yahoo.com; "पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार